


दैनिक

# शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...



दैनिक शुभ भास्कर

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

मो : 7764978689



वर्ष -01 अंक-45 RNI UP HIN/2015/64737 पृष्ठः 8, मुल्य = 4 रूपया बुधवार, 08 फरवरी 2023


## संक्षिप्त समाचार

## पटना हाई कोर्ट ने बिहार सरकार को 609 मदरसों का कोष रोकने का दिया निर्देश




**दैनिक शुभ भास्कर पटना / बिहार**

पटना उच्च न्यायालय ने बिहार सरकार से कथित रूप से जाली दस्तावेजों के आधार पर 609 मदरसों को अनुदान जारी करने की चल रही जांच को चार सप्ताह के भीतर पूरा करने और तब तक इन पंजीकृत संस्थानों को दी जाने वाली रकम रोकने का निर्देश दिया है,मुख्य न्यायाधीश संजय करोल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की खंडपीठ ने मोहम्मद अलाउद्दीन बिस्मिल की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को यह कहते हुए फटकार लगाई कि ह्लसरकार जांच के परिणाम को रिकॉर्ड पर रखने से कतरा रही है. इसमें सिर्फ इतना कहा गया कि जिलाधिकारियों को रिमाइंडर (स्मरण पत्र) भेजे गए हैंपीठ ने मंगलवार को कहा, ह्लयह एक समय-सीमा के भीतर जांच पूरी नहीं करने के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं है, खासकर जब सरकार ने वर्ष 2020 में अकेले सीतामढ़ी जिले में मदरसा अधिनियम के तहत पंजीकृत कम से कम 88 शैक्षणिक संस्थानों के संबंध में अनुदान को रद्द कर दिया था शिक्षा विभाग ने पिछले साल अनुदान प्राप्त करने वाले 609 शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति की जांच के लिए समितियों का गठन किया था. आदेश में कहा गया, ह्लविभाग 17 सितंबर 2021 के संचार द्वारा गठित तीन सदस्यीय समितियों के सभी अध्यक्षों की एक बैठक बुलाएगा, जिसमें आगे के निर्देश के साथ शीघ्र आधार पर जांच पूरी करने का निर्देश दिया जाएगा. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इसमें चार हफ्ते से ज्यादा का समय न लगेअदालत ने कहा कि जब तक कानून और सरकारी प्रस्तावों के वैधानिक प्रावधानों की पात्रता और अनुपालन के संबंध में व्यक्तिगत जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक 609 शिक्षण संस्थानों के पक्ष में सहायता अनुदान के रूप में राशि जारी नहीं की जाएगी अदालत ने पुलिस को भी इस संदर्भ में दर्ज प्राथमिकी पर जांच तेजी से पूरी करने के लिये कहने के साथ ही प्रदेश के पुलिस प्रमुख को दो हफ्ते के अंदर नवीनतम स्थिति रिपोर्ट के संबंध में हलफनामा दाखिल करने को कहा

## मुस्कान कुमारी ने जेइइ मेन्स परिक्षा में सफलता हासिल की

**किशनगंज प्रतिनिधि**



किशनगंज बहादुरगंज नगर क्षेत्र अन्तर्गत थाना रोड शिक्षक कालोनी निवासी निर्भय सिन्हा (बीमा अभिकर्ता) की पुत्री मुस्कान कुमारी ने जेइइ मेन्स परिक्षा में सफलता हासिल की है। मुस्कान एक साधारण परिवार की बेटी है उसके इस कामयाबी पर उनकी माता डोली सिन्हा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे अपनी बेटी पर गर्व है मैं चाहती हूं कि मेरी बेटी खुब पढ़ें और आगे बढ़ते रहे। मुस्कान की कामयाबी पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रो मस्सवीर आलम, नगर पार्षद बन्टी सिन्हा, संजय भारती, प्रिंस आजम, शुभंकर सिन्हा, गौरव चौधरी, कुमार अमित, सत्यनारायण अग्रवाल सहित दर्जनों लोग ने बधाई दी है।

## पटना में पुलिस ने महिलाओं पर किया लाठीचार्ज, चाय दुकानदार को गिरफ्तार करने पर भड़के लोग



**दैनिक शुभ भास्कर पटना / बिहार**

रात मथनी तल इलाके में चार-पांच दिनों पहले पुलिस पर हमले के आरोपी को पकड़ने गई पटना के बाईपास थाने की पुलिस को उग्र विरोध का सामना करना पड़ा. पुलिस ने एक चाय बेचने वाले पीकू कुमार को गिरफ्तार किया तो स्थानीय लोग हंगामा करने लगे. आरोप है कि पुलिस ने हंगामे को शांत करने के लिए कई राउंड फायरिंग की. हालांकि, पुलिस ने इससे इंकार किया हैपीकू कुमार की गिरफ्तारी से भड़के स्थानीय लोग सड़क पर टायर जलाकर हंगामा करने लगे. लोग इतने गुस्से में थे कि बाईपास थाने का घेराव करने पहुंच गए. इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन करने आई महिलाओं और लोगों पर जमकर लाठीचार्ज किया. गिरफ्तार करने आए चाय दुकानदार के परिजनों ने बताया कि पुलिस वसूली करने के लिए आती है. रुपये नहीं देने पर शराब मामले में पकड़ कर जेल भेज देती है. पुलिस लगातार अत्याचार कर रही है. इससे लोग काफी परेशान हैं. इलाके में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है. लोगों में काफी आक्रोश है।

# अग्निवीर योजना से देश का युवा सहमत नहीं, डोभाल ने थोपा आइडिया संसद में बोले राहुल गांधी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चर्चा के दौरान हिस्सा लिया। राहुल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से बहुत कुछ सीखने को मिला। इस दौरान जनता से बात करने का मौका मिला। आजकल राजनेताओं की ओर से पैदल चलने का चलन अब कम हो गया है।

**लोगों ने बेरोजगारी पर पूछे सवालः राहुल गांधी**

राहुल ने कहा कि यात्रा के दौरान लोग हमसे मिले। लोगों ने हमसे सवाल किए। लोग हमसे बेरोजगारी को लेकर सवाल पूछते थे। थोड़ी देर चलने के बाद एक बदलाव आया। हम सबसे अपनी बात बताने का अहंकार होता है। 500 किमी चलने के बाद जनता की आवाज गहराई से सुनाई देने लगी।

**बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे पर भी घेरा**

राहुल ने कहा कि यात्रा के दौरान लोग आते थे और कहते थे बेरोजगार हैं। हजारों किसान भी हमारे पास आए। पीएम बीमा किसान योजना की बारे में बताया। किसानों ने बताया कि बीमा का पैसा उन्हें नहीं मिलता। किसानों ने ये भी कहा कि हमारी जमीन छीन ली जाती है। राहुल ने कहा कि लोगों ने अग्निवीर पर भी बातचीत की। सरकार ने बताया कि अग्निवीर से लोगों को फायदा होगा, लेकिन देश का युवा आपकी बात से सहमत नहीं है।

**अग्निवीर योजना थोपी गई**

राहुल ने कहा कि लोगों ने अग्निवीर पर भी बातचीत की। सरकार ने बताया कि अग्निवीर से लोगों को फायदा होगा। लेकिन देश का युवा आपकी बात से सहमत नहीं है। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा योजना से सेना कमजोर होगी। राहुल ने कहा कि आरएसएस और अजीत डोभाल ने इस योजना को थोपा।

**गौतम अदाणी को लेकर करारा वार**

राहुल गांधी ने गौतम अदाणी के मुद्दे पर मोदी सरकार पर सीधा हमला किया। राहुल ने कहा कि तमिलनाडु से लेकर मध्य प्रदेश तक एक जगह सब नाम सुनाई दे रहा है। गौतम अदाणी... ये नाम पूरे भारत में सुनाई दे रहा है। इस नाम के बारे में जब लोग मुझसे बोलते थे, तो सवाल पूछते थे। लोग पूछते थे कि अदाणी किसी भी बिजनेस में घुसते हैं और सफल हो जाते हैं। युवाओं ने पूछा कि ये कैसे हो रहा है।

**राहुल गांधी के तीखे सवाल**

साल 2014 से लेकर 2022 तक 8 मिलियन डॉलर से 140 मिलियन डॉलर कैसे हुआ। 2014 में दुनिया में सबसे अमीर लोगों में ये 609 नंबर पर थे। जादू हुआ और ये दूसरे नंबर पर पहुंच गए। मुझसे लोगों ने पूछा कि हिमाचल मे सेब की बात होती है तो अदाणी, कश्मीर में सेब की बात होती है तो अदाणी... पोर्ट्स की बात होती है तो अदाणी। लोगों ने ये भी पूछा कि अदाणी इतने सफल कैसे हुए।

**पीएम मोदी के साथ अदाणी का कैसा रिश्ता?**

राहुल गांधी ने सवाल किया कि अदाणी का पीएम मोदी के साथ कैसा रिश्ता है। इस दौरान उन्होंने अदाणी की तस्वीर वाला एक पोस्टर भी दिखाया, जिस पर स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें रोका। राहुल ने कहा कि जब मोदी जी गुजरात के सीएम थे तब दोनों के बीच मित्रता हुई। भारत के ज्यादातर बिजनेस जब पीएम पर सवाल उठा रहे थे, तब एक आदमी पीएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा। जब पीएम दिल्ली आए और 2014 में फिर असली जादू शुरू हुआ।

**एयरपोर्ट को ठेके पर देने के नियम बदले गए**

कांग्रेस सांसद ने कहा कि कुछ साल पहले सरकार ने एयरपोर्टों को विकास के लिए दिया। इसमें एक नियम था कि जिसने पहले एयरपोर्ट बिजनेस नहीं किया तो वो ये काम नहीं कर सकता। मोदी सरकार ने अदाणी के लिए इस नियम को बदल दिया।

## आधी रात में वेश बदलकर रढ पहुंचे थाने, अरक्ने नहीं लिया आवेदन थानाध्यक्ष ने कहा- सुबह लिखेंगे रिपोट

**दैनिक शुभ भास्कर पटना / बिहार**

बिहार में पुलिस की कार्यशैली हमेशा ही सवालों के घेरे में रहती है। यही कारण है कि लोग पुलिस से मदद लेने के बजाय कन्नी काटते नजर आते हैं। पुलिस किस तरह आम लोगों की समस्याओं को अनदेखा करती है, इसका ताजा उदाहरण सासाराम से सामने आया है। दरअसल, जिले के एसपी विनीत कुमार अपने पदस्थापन के बाद से ही अलग-अलग थाना क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। उनका मुख्य लक्ष्य रात में पुलिस चौकसी दुरुस्त करने पर है। एसपी के लाव-लश्कर के साथ रात को निरीक्षण के लिए निकलने की सूचना पर पुलिसकर्मी पूर्व से ही सावधान हो जाते हैं। इसके चलते रविवार रात लगभग एक बजे एसपी कुछ अलग अंदाज में निरीक्षण के लिए निकले, जिसके बाद नगर



थाने में तैनात पुलिस की पोल खुल गई। दरअसल, देर रात एसपी वेश बदलकर सासाराम नगर थाना पहुंचे। इस दौरान एसपी की मुलाकात ऑन ड्यूटी पदाधिकारी एएसआई राम विलास राम से हुई। हाथ में आवेदन लिए एसपी ने पुलिस अधिकारी को बताया कि वे डेहरी के रहने वाले हैं और वाराणसी से आने के क्रम में कचहरी मोड़ के पास कुछ असामाजिक तत्व के लोगों ने उनके साथ मारपीट करने के बाद मोबाइल और रुपये छीन लिए। इसकी उन्हें शिकायत दर्ज करानी है।इसपर ओडी पदाधिकारी ने उन्हें सुबह आकर रिपोर्ट लिखाने की बात कह चलता कर दिया। इसके बाद एसपी थानाध्यक्ष के पास गए और अपनी समस्या बताकर मदद की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष ने भी एसपी को सुबह ही आने को कहा और चलता कर दिया।नगर थाना से निकलकर एसपी ने सीधे डेहरी नगर थाना का रुख किया। रात के दो बजे एसपी आवेदन लेकर थाना पहुंचे। अपने साथ पाली रोड में हुई छिनतई व मारपीट की घटना की प्राथमिकी दर्ज कराने का आग्रह किया। पहली बार में तो पुलिसकर्मी टाल-मटोल करते रहे। इसके बाद थाने में मौजूद पुलिसकर्मी ने उनकी बात सुनी और घटनास्थल पर पैट्रोलिंग टीम को भेजा। पैट्रोलिंग टीम ने वहां कोई घटना नहीं होने की जानकारी थाने को दी। थाने में मौजूद अधिकारी ने एसपी का आवेदन लेकर रख लिया तथा अगले दिन प्राथमिकी कर सूचित करने का भरोसा दिलाया। हैरानी की बात यह रही कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कोई भी पुलिसकर्मी एसपी को पहचान नहीं पाया।एसपी विनीत कुमार ने बताया कि इस प्रकार का निरीक्षण भी जांच का एक हिस्सा है। रात में भी आमजन की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता है। इस प्रकार का औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा। पहली बार के निरीक्षण में सबको मुस्तैदी से ड्यूटी निभाने की हिदायत दी गई है। आगे लापरवाही पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## जानिए सारा विश्व प्रो यूनुस को क्यों अनुसरण कर रहा

**दैनिक शुभ भास्कर दिलीप कुमार साह**



बिहार अगला गुरुवार यानी 9 फरवरी को रात 9 बजे जाने नोबेल विजयी बांग्लादेशी प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस को । आज प्रोफेसर यूनुस का तीन शून्य कांसेप्ट : शून्य प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन, शून्य बेरोजगारी और शून्य गरीबी पूरी दुनिया को एक नई राह प्रदान किया है । यह मोहम्मद यूनुस का ही माइक्रोफाइनेंस स्कीम है जो दुनिया भर के गरीबों का सहारा बना हुआ है । रमन मैग्सेसे, नोबेल के साथ साथ कुल 38 पुरस्कार और 62 विश्वविद्यालय से मानद डॉक्टरेट उपाधि उनके कृतित्व को दशार्ता है । पीछले फीफा फुटबॉल विश्वकप 2022 उनको डेडिकेट किया गया था और नाम भी फीफा सोशल वर्ल्ड कप रक्खा गया था । प्रोग्राम का नाम ज्ञान टॉक है जो फेसबुक लाइव के माध्यम से महान मोटीवेटर तथा बिजनेस कोच शशिश कुमार तिवारी जी के ऑफिशियल पेज से प्रसारित होगा जिसका होस्ट होंगे स्वयं शशिश और गेस्ट होंगे महागुरु प्रोफेसर डॉक्टर देबज्योति मुखर्जी । ज्ञात हो कि पीछले कई महीनों से हर गुरुवार विभिन्न विषय पर ज्ञान टॉक आयोजित हो रहा है जिसका एकमात्र उद्देश्य इनफॉर्मेशन से ट्रांसफॉर्मेशन लाना है यानी सूचना से बदलाव । प्रोग्राम में देश विदेश से हजारों युवा हर गुरुवार जुड़ते हैं ।

# रुपौली की जदयू विधायक बीमा भारती पर भी लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**पटना/ पूर्णियां ।** पूर्णियां लोक सभा क्षेत्र के रुपौली की जदयू विधायक बीमा भारती पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। पटना व्यवहार न्यायालय ने चेक बाउंस के मामले में विधायक बीमा भारती के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी किया है। इस मामले में बीमा भारती आने वाले दिनों में गिरफ्तार हो सकती है !दरअसल, प्रथम श्रेणी की न्यायिक दंडाधिकारी श्वेता चौधरी की अदालत ने पूर्व में जारी किए गए जमानतीय वारंट के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं होने के कारण बीमा भारती की उपस्थिति के लिए गैर जमानतीय वारंट जारी किया है. साथ ही उनकी उपस्थिति के लिए 15 मार्च 2023 की अगली तिथि निश्चित की है. बीमा भारती पिछले कुछ समय से लगातार विवादों में है. । पिछले साल अगस्त 2022 में जब बिहार में नीतीश कुमार ने महागठबंधन वाली सरकार बनाई तो उसके बाद बीमा भारती और नीतीश सरकार में मंत्री लेसी सिंह का विवाद सामने आया। बीमा भारती ने लेसी सिंह पर हत्याओं और जबरन वसूली में शामिल रहने का आरोप लगाया था. इसके बाद लेसी सिंह ने बीमा भारती को 5 करोड़ रुपए मानहानि का नोटिस भेजा था. बीमा भारती ने लेसी सिंह को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की थी. लेकिन नीतीश कुमार ने उनकी इस मांग को सिरे से खारिज



कर दिया था. अब चेक बाउंस मामले में फिर से बीमा भारती नई मुसीबत में फंसी हैं. उन्हें इस मामले में गिफ्तार भी किया जा सकता है. पूर्णिया जिले को रुपौली विधानसभा से बीमा भारती विधायक हैं. वह बाहुबली अवधेश मंडल की पत्नी है. रुपौली में अवधेश मंडल लगातार अपने बाहुबल का इस्तेमाल करते रहे हैं. बीमा भारती इस सीट से पांच बार विधायक बन चुकी हैं. दो बार नीतीश सरकार में उन्हें मंत्री भी बनाया जा चुका है. साल 2000 में ही बीमा भारती के भी राजनीतिक करियर की शुरूआत हुई थी, वो रुपौली विधानसभा से निर्दलीय विधायक के रूप में चुनी गई थी. बाद में राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गई थी. 2005 में उन्हें लोक जनशक्ति पार्टी के शंकर सिंह ने चुनाव हरा दिया था जो उनके पति के प्रतिद्वंद्वी भी थे. लेकिन उसी साल अक्टूबर में हुए चुनाव में बीमा के पास यह सीट दोबारा लौट आई. फिर उन्होंने आरजेडी का साथ छोड़ दिया और 2010 का चुनाव जेडीयू के टिकट पर जीता. इसके बाद से ये लगातार विधायक हैं।

## शहिद राहुल कुमार का पार्थिक शरीर पहुंचने पर विधायक सहित अन्य लोगो ने पुष्प श्रद्धांजलि दिया

**दैनिक शुभ भास्कर विकास कुमार**

बिहार सुल्तानगंज के नमामि गंगे घाट पर मुंगेर जिले के संग्रामपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत के रामपुर गांव के रहने वाले स्वर्गीय जीवन सिंह के 34 वर्षीय पुत्र आर्मी के जवान राहुल कुमार का उत्तराखंड में बर्फ के भूस्खलन में शहिद होने पर उनका पार्थिक शरीर गांव में पहुंचने के बाद गांव के लोगो द्वारा श्रद्धांजलि देते हुए गांव से शहीद राहुल कुमार का काफिला भारत माता के जयकारों एवम शहीद राहुल कुमार अमर रहे का नारा लगाते मोटरसाइकिल जुलूस सुल्तानगंज के नमामि गंगे घाट पहुंचने पर विधायक प्रोफेसर डॉ ललित नारायण मंडल, डीएसपी डा गौरव कुमार, नगर सभापति राजकुमार गुड्डू, भाजपा नेता नवीन कुमार बननी, संजय कुमार चौधरी, सुभाष पोद्दार, वार्ड पार्षद पंकज कुमार यादव, सहित इत्यादि लोगों ने शहिद राहुल कुमार को पुष्प गुच्छ अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिए। साथ ही आर्मी के दर्जनों जवानों जवानी ने गॉड ऑफ ऑनर देते हुए शहीद राहुल कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए सलामी दिए। इस दौरान शाहिद राहुल कुमार के छोटे भाई रोहित कुमार के द्वारा मुख्य अग्नि देकर अंतिम बिदाई दी। इस दौरान विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल, नगर सभापति राज कुमार गुड्डू, भाजपा नेता संजय चौधरी ने शहीद राहुल कुमार को नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान पुरा देश याद रखते हुए उनके परिवार को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, शहीद राहुल कुमार को नमन करते हुए श्रद्धांजलि देने कि बात कही इस दौरान रामपुर गांव के ग्रामीण एवम सुल्तानगंज शहर के गण्यमान लोग सहित पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## ठाकुरगंज विधायक सऊद आलम ने कई सड़कों का किया शिलान्यास

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**



किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत भोगडावर पंचायत के तहत मुख्य मार्ग बावंडांगी से खेलाभीट्टा तक मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास (विधायक निधि) योजना अंतर्गत पी. सी. सी. कार्य का ठाकुरगंज विधायक सऊद आलम के हाथ से फीता काटकर शिलान्यास किया बताते चलें कि वही सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद शाहबाज आलम ने बताया कि सभी लोगों की काफी मेहनत मशक्कत के बात इस सड़क का कार्य किया गया उन्होंने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है की हमारे ठाकुरगंज विधानसभा में आरजेडी का सरकार आते ही विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न गांव मैं सड़क गली गली का कार्य बड़े ही जोरदार के साथ किया जा रहा है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि ठाकुरगंज विधायक सऊद आलम जैसा नेता हमारे विधानसभा क्षेत्र ठाकुरगंज में जरूरत है वही नहीं बल्कि हर हमेशा हम दोनों के साथ हर समय पर कंधे से कंधा मिलाकर आम जनों के साथ तत्पर खड़े रहने का काम करते हैं इसी मौके पर भोगडावर पंचायत के पैक्स चेयरमैन मोहम्मद सुलेमान ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर ठाकुरगंज विधायक सऊद आलम को अगवत कराया वही भोगडावर मुखिया टोला गांव के हाफिज अतहर रजा ने नाली बनाने को लेकर विधायक सऊद आलम को सौंपा मांग पत्र इसी मौके पर स्थानीय लोगों ने विभिन्न समस्याओं से विधायक सऊद आलम को कराया अवगत वही विधायक सऊद आलम ने लोगों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हर समस्याओं का निदान होगा मुझे उम्मीद है कि आपकी हर समस्याओं को मैं विधानसभा तक आवाज उठाने का काम करूंगा उन्होंने कहा कि अगर कहीं गलत होगा तो मैं सभी से यही अपील करूंगा की साबुत के साथ मुझे दे और मैं तुरंत ऐसे मामला पर संज्ञान लेने का काम करूंगा इसलिए कि आप लोगों ने मुझे मुझे विश्वास कर इस क्षेत्र का विधायक बनाए हैं और मुझे आप सभी पर उम्मीद है कि आपकी हर हरवा अदाओं को पूरा करने का कोशिश करूंगा इसी मौके पर मौजूद थे पैक्स चेयरमैन सुलेमान मोहम्मद मुस्लिम अनवर समसी आरजेडी के प्रखंड अध्यक्ष मुखिया इकराम उल हक पूर्व मुखिया गुलाम साबिर अनवर आलम शाहबाज आलम कैसर आलम इस के इलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे

## देश के लिए आज वाकई शर्म से डूब मरने का दिन है

**दैनिक शुभ भास्कर पटना / बिहार**

तमाम राजनेताओं और अफसरों को आज चुल्लू भर पानी में डूब जाना चाहिए। आम लोगों, खासकर हिंदू समाज को इन लुटेरे भ्रष्ट नेताओं, बनियों और अफसरों ने इतना कमजोर कर दिया है। हिंदू अब इतना कंगाल और दरिद्र हो गया है कि उसके पास खाने को पैसे भी नहीं बचे हैं। महज ₹5 का बिस्कुट खाने पर गरीबी से लाचार इस बाप ने अपनी बच्ची को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। कथित तौर पर हिंदू राष्ट्र बनाने वाले घोटालेबाज भ्रष्ट राजनेताओं और देश विक्रेताओं की पोल खुलने वाली यह खबर है। हिंदू समाज के लिए रोजी, रोटी, रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं करके उन्हें रद्दी विषयों में उलझा कर रखने का नतीजा है कि 80 करोड़ लोग बेहद गरीब हो गये हैं। बाबा, बाजीगर और रामायण की चौपाइयों में उलझा हिंदू समाज अब भंडारे की रोटी के लिए मारपीट कर रहा है। सत्तारूढ़ दल के भ्रष्ट नेताओं ,मदारियों ने अपने दलालों ,एजेंटों और अंध भक्तों के माध्यम से पूरे देश को लूट कर बिल्कुल कंगाल, नंगा और फटीचर बना दिया है। नामीबिया आदि अफ्रीकी देशों से भी अधिक गरीबी आ गई है। इसलिए मामूली पढ़े लिखे लोग भी महज पेट पालने विदेश भागने को मजबूर हो गए हैं।

## जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभीनव कुमार के द्वारा पशु पालन विभाग के पशु विकास मित्र एंव स्थानीय पुलिस कर्मी के द्वारा रेक्सयू कर दोनों सांड को पकड़ा



**दैनिक शुभ भास्कर प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर जिले के सुलतानगंज के चौक बाजार में सांड का आंतक होने पर शहर एंव ग्रामीण इलाकों के लोग गंभीर रूप से घायल होने पर जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभीनव कुमार के द्वारा नगर परिषद के सफाई निरक्षक दिलिप कुमार दुबे, पशु पालन विभाग के विकास मित्र धर्म पाल, रोमीश कुमार, जीवन कुमार, ऋषि कुमार,एंव स्थानीय पुलिस कर्मियों के सहयोग से सांड को काबू पा लिया गया हैइस दौरान नगर परिषद के सफाई निरक्षक दिलिप कुमार दुबे एंव नगर परिषद के कई कर्मी घायल हो गऐ इस दौरान पशु पालन विभाग के विकास मित्र धर्मपाल ने बताया कि सुलतानगंज शहर में दो सांड का आंतक होने पर शहर एंव ग्रामीण इलाकों के लोग गंभीर रूप से घायल होने पर जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर परिषद के सफाई निरक्षक दिलिप कुमार दुबे एंव साई कर्मी, स्थानीय पुलिस कर्मी एंव पशुपालन विभाग के पशु मित्र के सहयोग से दोनों सांड को रेक्सयू कर के पकड़ लिया गया है जिसमें नगर परिषद के सफाई निरक्षक दिलिप कुमार दुबे एंव सफाई कर्मी चोटिल हो गए हैं इन दोनों सांड को वाहन के द्वारा सुईयां पहाड़ के जंगलों में सुरक्षित छोड़ जाएगो इस दौरान नगर परिषद के कर्मी एंव पशु पालन विभाग के पशु विकास मित्र सहित पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## बिहार में जाति संघर्ष शुरू है छपरा जिले में दो दबंग जातियों में पांच दिन से जमकर मारकाट, हिंसा हो रही है

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा / पवन कुमार**





समाज को बांटने के कुचक्र में लगे तमाम जातीय- धार्मिक संगठन बिल्कुल सक्रिय हो गए हैं । वे हिंसा कराने में सफल भी हो रहे हैं । शासन-प्रशासन तमाशा देख रहा है। गुजराती गैंग, लुटेरे भ्रष्ट घपलेबाज बनिये, भगवाधारी धार्मिक संगठन, सभी जातीय संगठन नफरत फैलाने में लग गए हैं। अडानी के घपले के भंडाफोड़ के बाद लोगों का ध्यान बांटने के लिए वे ऐसा करवा रहे हैं। हिंदू - मुसलमान के बाद बैकवर्ड - फॉरवर्ड की राजनीति शुरू की गई । इसके बाद रामायण की चौपाइयों के आधार पर पिछड़ी जातियों दलितो में नफरत फैलाया जाने लगा । फिर आरएसएस की ओर से पंडितों को गाली गलौज करना शुरू किया गया। इसके बाद हिंदू समाज के दो प्रमुख जातियों का झगड़ा लगा दिया गया है। बिहार के एक जिले से इसकी शुरूआत भी हो गई है। यादव और राजपूत के बीच हो रही हिंसा में प्रशासन और विभाजन कारी शक्तियां सक्रिय हैं। मजे ले रही हैं। सरकार और संघ घोटालेबाज अडानी के मामले से लोगों का ध्यान हटाने में सफल हो रहा है। गुजराती गैंग हर स्तर फूट डालो राज करो के एजेंडे पर चल रहा है।

## गोपालगंज मांझा प्रखंड मुख्यालय बलुआ टोला में निकला भव्य कलश यात्रा - प्रमोद कुमार पटेल

**दैनिक शुभ भास्कर शैलेश कुमार तिवारी**

गोपालगंज बिहार मांझा प्रखंड मुख्यालय बलुआ टोला में श्रीदुर्गा मंदिर की पांचवी स्थापना दिवस पर काशी के वेदा चारो द्वारा मंत्रोचार के उपरांत 1001 कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश शोभा यात्रा हाथी घोड़ा, पालकी एवं गाजे बाजे के साथ निकाली गई जो मांझा बजार, मांझा शिव मंदिर, कर्णपुरा, होते हुए श्री मां दुर्गा मंदिर पर समापन हुआ। कलश शोभा यात्रा में जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव सह स्थानीय जिला पार्षद प्रमोद कुमार पटेल,यज्ञ के संयोजक परमा प्रसाद,मोती लाल प्रसाद, भिखारी लाल प्रसाद, डॉ0 कृष्ण देव प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, मुन्ना सिंह,स्थानीय मुखिया पति किताबुद्दीन गद्दी,विजय प्रसाद,पूर्व मुखिया अवधेश प्रसाद, मुखिया पति मोजीबुल हक उर्फ बुचुन्न मिया, ब्यास मुन्नी शाही, राजकुमार प्रसाद, कृष्णा यादव सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। स्थानीय पूर्व जिला पार्षद एवं यज्ञ के संयोजक परमा प्रसाद ने बताया कि पांच साल पहले मंदिर की स्थापना हुई थी जिसका पांचवा स्थापना दिवस समारोह पूर्वक कलश यात्रा निकाली गई और अखंड आष्ट्या म भी शुभारंभ होगा और उपस्थित सभी भक्तो को प्रसाद का भी वितरण किया जायेगा।

## पुण्य तिथि पर याद किये गए स्मृति-शेष अरूण जी गोलछा

**फारबिसगंज ।** फारबिसगंज के मटियारी पंचायत स्थित अरुण गोलछा प्राथमिक विद्यालय जुम्मन चौक परिसर में गोरधनदास अरुण कुमार गोलछा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपति स्मृति-शेषअरुण कुमार गोलछा को उनके पुण्यतिथि पर याद किया गया । तस्वीर पर पुष्पार्पण और माल्यार्पण के बाद मौजूद स्कूली बच्चों के बीच बैग और शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया गया मौके पर मौजूद लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जीवित रहते किये गये सामाजिक कार्यों की सराहना की गई । सामाजिक कार्यकर्ता वाहिद अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वरीय समाजसेवी सह जद यू नेता मूलचंद गोलछा, देवेश गोलछा, रौशनी गोलछा, मुकेश उर्फ बंटी राखेचा, सुमन डागा, प्रदीप देव, अमरेंद्र कुमार, सुरेंद्र प्रसाद उर्फ ननकी यादव, शमसुल आलम, जफर आलम बब्बू जाबिर अंसारी, हरेंद्र ठाकुर, कमलेश्वरी मंडल,मुंशी चौधरी, अमर कामत, स्कूल के हेडमास्टर रामनरेश प्रसाद देव, शिक्षिका बीबी जो आरा, रविता कुमारी, पंकज भारती, मो.साकिर, चांदनी कुमारी आदि मौजूद थे। मौके पर देवेश गोलछा ने क्लास 10 के बच्चों के लिए स्कॉलरशिप देने के साथ तीन तरह के बच्चों का पढ़ाई के साथ सभी तरह के खर्च उठाने की घोषणा की गई । साथ ही बथनाहा में स्कूल निर्माण के लिए 30 डिसमिल जमीन देने की घोषणा के साथ स्कूल में गेट निर्माण की भी घोषणा की गई। मौके पर स्कूल को चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बैंच डेस्क को उपलब्ध कराया गया। छात्रों की प्रतिभा को तराशने के लिए भविष्य में कई अन्य योजनाओं को भी शुरू करने की घोषणा की गई। वही मटियारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप देव ने बच्चों के ड्रेस के साथ चाहर दिवारी और सड़क निर्माण कराए जाने की घोषणा की गई।

सामाजिक कार्यकर्ता वाहिद अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वरीय समाजसेवी सह जद यू नेता मूलचंद गोलछा, देवेश गोलछा, रौशनी गोलछा, मुकेश उर्फ बंटी राखेचा, सुमन डागा, प्रदीप देव, अमरेंद्र कुमार, सुरेंद्र प्रसाद उर्फ ननकी यादव, शमसुल आलम, जफर आलम बब्बू जाबिर अंसारी, हरेंद्र ठाकुर, कमलेश्वरी मंडल,मुंशी चौधरी, अमर कामत, स्कूल के हेडमास्टर रामनरेश प्रसाद देव, शिक्षिका बीबी जो आरा, रविता कुमारी, पंकज भारती, मो.साकिर, चांदनी कुमारी आदि मौजूद थे।

## जाना था पटना लेकिन एयरलाइन की लापरवाही से उदयपुर पहुंचा यात्री को , दिए जांच का आदेश

**दैनिक शुभ भास्कर पटना /बिहार**



नागर विमानन महानिदेशालय ने एक यात्री के पटना जाने के लिए इंडिगो की फ्लाइट के बजाय गलती से एयरलाइन की दूसरी फ्लाइट में सवार होकर अपने गंतव्य से 1400 ङट दूर उदयपुर पहुंचने के बाद इस मामले की जांच के आदेश जारी किए हैं. घटना 30 जनवरी की बताई जा रही है और इस यात्री को अगले दिन उसके गंतव्य भेजा गया. डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यात्री की पहचान अफसार हुसैन के तौर पर की गई है. उसने इंडिगो की फ्लाइट 6ए-214 के जरिये पटना के लिए टिकट बुक किया और निर्धारित फ्लाइट पर सवार होने के लिए 30 जनवरी को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा लेकिन गलती से वह इसी एयरलाइन की उदयपुर जाने वाली फ्लाइट 6ए-319 में सवार हो गया. इस यात्री को उदयपुर एयरपोर्ट पर लैंड कराने के बाद अपनी गलती का अहसास हुआ. इसके बाद उसने उदयपुर एयरपोर्ट के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जिन्होंने एयरलाइन को इस बारे में अलर्ट किया. एयरलाइन की ओर से उसी दिन यात्री को दिल्ली और इसके अगले दिन यानी 31 जनवरी को पटना भेजा गया. डीजीसीए के अधिकारी ने कहा, "हम इसे मामले में रिपोर्ट तलब कर रहे हैं और एयरलाइन के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी." जांच में डीजीसीए यह जानने की कोशिश करेगा कि यात्री के बोर्डिंग पास को अच्छी तरह से स्कैन क्यों नहीं किया गया उन्होंने कहा कि जब बोर्डिंग से पहले बोर्डिंग पास को नियमानुसार दो प्वाइंट पर जांचा जाता है तो आखिर वह गलत फ्लाइट में कैसे चढ़ गया

## श्राद्ध के भोज में शामिल लोग हुए फूड प्वाइजन का शिकार लगभग एक से ढेर सौ लोग हुए बीमार गांव के स्कूल में ही मेडिकल कैंप लगाकर लोगों का किया जा रहा है इलाज, गंभीर रूप से बीमार लोगों को किया गया कटिहार सदर अस्पताल रेफर

**दैनिक शुभ भास्कर रूपेश मिश्रा**

कटिहार बिहार घटना के बारे में बताया जा रहा है कोढ़ा थाना क्षेत्र के बिषहरिया पंचायत के लोग गांव के ही एक श्राद्ध भोज में शामिल हुए थे, भोज खाने के बाद रात से ही लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी और सुबह लगभग एक से डेढ़ सौ लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार होकर बीमार पड़ गए, प्रशासन के सूचना के बाद आनन-फानन में मेडिकल टीम पहुंचकर गांव के विद्यालय में ही लोगों का इलाज शुरू किया फिलहाल हालात नियंत्रण में लेकिन जो लोग गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उन लोगों का इलाज जारी है। उपेंद्र, गुड्डू।( बीमार ग्रामीण ) डॉक्टर अमित आर्य।( चिकित्सा पदाधिकारी, कोढ़ा प्रखंड )

## 2 साल पहले साइफन के पूल में पड़ी थी दरार , लेकिन अधिकारियों ने कर दिया नजर-अंदाज

नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र सीमा से सटे सुपौल जिला अंतर्गत मेन केनाल नहर के 76 आरडी के समीप शनिवार को पानी के तेज दबाव के कारण साइफन टूट जाने के कारण आसपास के लोगों में अफरा तफरी का माहौल हो गया था। नरपतगंज क्षेत्र के ठूठी, मधुरा पश्चिम, अंचरा सहित कई गांव के लोगों में दहशत का माहौल है। कई एकड़ भूमि में लगे फसल बर्बाद हो गया तो वहीं कई एकड़ भूमि में बालू भर गया है। घटना की सूचना पर विभागीय टीम स्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी है। ग्रेडिंग के जेई अश्वनी कुमार कर्ण ने बताया कि शनिवार को एफ सीडी के हिसाब से पानी का बहाव ठीक था। अगर केनाल में पानी अधिक होती है तो सुरसर नदी में स्किभ कर देते हैं। जेई ने बताया बर्ष 2020 भूकंप के बाद इस पुल में दरार पड़ गया था जिसको लेकर हमने विभाग को सूचना 2 वर्ष पूर्व ही दिया था। लेकिन विभाग इस बात को अनसुनी कर दिया था। पुल टूटने से सरकार की करोड़ों की क्षति हुई है। किसानों का कई एकड़ फसल बर्बाद भी हुई है। इस संबंध में श्रीकांत शुक्ला सुप्रिडिंग इंजीनियर सिंचाई अंचल सहरसा ने बताया कि तत्काल काम शुरू कर दिया गया है। एनसीजीओ वॉच ग्रेबियन के द्वारा तत्कालीन 5 दिनों के अंदर काम करवाया जा रहा है। पुल का निर्माण रिकंस्ट्रक्शन कर रवि का पटवन के बाद किया जाएगा। आवागमन के लिए टेम्परोरी व्यवस्था की जा रही है । विभाग की टीम में जूनियर इंजीनियर पटना से मॉनिटरिंग टीम, कार्यपालक अभियंता, बीरपुर डिवीजन के संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम ने बिजली की विभिन्न समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**



दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज बिजली विभाग की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने आज पटना विद्युत भवन में ठङ्क१३ ईँ१ ढङ्कद्दी१ ॐ२३१ु४३ङ्कल्ल उङ्क छ३ के प्रबंध निदेशक श्री प्रभाकर से उनके कार्यालय में मिलकर मांग पत्र सौंपा। प्रबंध निदेशक ने जल्द उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।08 दिसम्बर 2016 किशनगंज जिले में डीआरडीए सभागार में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की समीक्षा बैठक में तत्कालीन विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने कोचाधामन प्रखंड के ड े र ा म ा र ी , प ा ट क ो इ कला, तेघरिया, मजगमा एवं बगलबारी पंचायतों में अनियमित विद्युत आपूर्ति का मामला उठाया था।बैठक में ही माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने तत्कालीन बिजली विभाग के प्रधान सचिव श्री परत्य अमृत को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में डेरामारी में पीएसएस निर्माण की राज्य योजना से स्वीकृति मिली और टेंडर भी हुआ। परंतु भू अर्जन की समस्या के कारण अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।इस संबंध में प्रबंध निदेशक ने बताया कि जल्द सारी दिक्कतों को दौर कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। वहीं पूर्णियां जिले के बैसा प्रखंड के चंदवार पंचायत के हरिया खाल एवं धुसमल पंचायत के कदम खाड़ी आदिवासी टोलों में अभी तक बिजली नहीं पहुंचने की जानकारी प्रबंध निदेशक को दी। पिछले दिनों जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने उक्त गांवों का दौरा कर माननीय उर्जा मंत्री, विद्युत अधीक्षण अभियंता पूर्णियां एंव कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति पूर्णियां ईस्ट को लिखित जानकारी दी थी। एनबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का 10 फरवरी को समाधान यात्रा के क्रम में पूर्णियां जिले का दौरा है, उससे पहले ही कल दिनांक 08 फरवरी को उर्जा विभाग बैठक में इस संबंध में उचित निर्णय लिया जाएगा। साथ ही किशनगंज जिले में पूर्व में छ४ेल्लङ्क कम्पनी द्वारा कृषि फीडर में लगाए गए जले हुए टरान्सफार्मर को अविलंब बदलने की मांग की।जिसपर प्रबंध निदेशक महोदय ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिया।

# बाबा श्याम का सजा दरवार, भजनों पर झूमे भक्त




फारबिसगंज : फारबिसगंज शहर के वार्ड संख्या 17,एसके रोड स्थित श्याम अग्रवाल के आवासीय परिसर में सोमवार की संध्या 'एक शाम जीवनदाता के नाम' कार्यक्रम के तहत श्रीश्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस महोत्सव में झारखंड के टाटानगर से आये आमंत्रित भजन गायक कुमार अनुभव, कटिहार से आये कुमार आदर्श एवं नेपाल से पधारें श्याम कुमार की टीम के सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति कर उपस्थित भक्तों को झूमने को मजबूर कर दिया। इससे पूर्व महोत्सव का शुभारंभ सीमांचल के नामचीन पुरोहित पतंजलि शर्मा उर्फ बंटी बाबा एवं जानेमाने पंडित नारायण शर्मा की अगुवाई में आयोजनकर्ता श्याम अग्रवाल एवं धर्मपत्नी राज कुमारी देवी के साथ योगेश अग्रवाल,वीणा अग्रवाल,दिनेश अग्रवाल व प्रिया अग्रवाल ने संयुक्त रूप से श्री श्याम बाबा के दरवार में दीप व ज्योति प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। महोत्सव में भजन गायक कुमार अनुभव एवं कुमार आदर्श की जोड़ी ने श्याम बाबा को श्रृंगार मन भावे.....,मेरा श्याम आ जाता मेरे सामने...आदि भजनो की प्रस्तुति पर उपस्थित भक्त नाचने को मजबूर हो गए। वहीं नेपाल के गायक श्याम कुमार ने 'म्हारो बाबा हनुमान औ म्हारा दाता हनुमान पर भक्तो ने जमकर तालियां बजाई। महोत्सव में श्री श्याम बाबा का फुलों से सजा दरवार भक्तो के बीच आकर्षक का केंद्र रहा। आधुनिक साज-सज्जा व जगमगाती लाइटें में भजनो की अमृतवर्षा से भक्त देर रात तक लुफ्त उठाते रहे। महोत्सव में देर रात बाबा श्याम को सवामणि व 56 भोग का महाप्रसाद चढ़ाया गया एवं आयोजनकर्ता श्याम अग्रवाल एवं राजकुमारी देवी ने बाबा श्याम दरवार के सामने केक काटकर 51 वीं सालगिरह मनाई। इस मौके पर आमंत्रित भजन गायकों को आयोजनकर्ता की और से सम्मानित किया गया। महोत्सव में नप की मुख्य पार्षद वीणा देवी, पार्षद बुलबुल यादव, मनोज सिंह, दीपक केजरीवाल, बबिता अग्रवाल,अनिता अग्रवाल,पीयूष अग्रवाल, मांगी लाल गोलछा,मोती लाल शर्मा, श्याम माहेश्वरी,पप्पू लड्ढा, अभिषेक भूपाल,राम कुमार केशरी,ओम प्रकाश केशरी,प्रदीप राठी,संजय अग्रवाल,जय कुमार अग्रवाल, सीए दीपक अग्रवाल, राजू पांडिया,आजादशत्रु अग्रवाल, डॉ.तरुण कुमार, पवन शर्मा,निशांत गोयल,मनोहर शर्मा, शीतल अग्रवाल,विशाल गोलछा, मनीष पारख,पवन कंदोई, कुणाल केडिया,ऋतिक फोगला, प्रतीक गोयल, ई.आयुष, विजय प्रकाश, हरीश अग्रवाल,आदर्श गोयल, देवेश गोलछा, संजय चैनवाला सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे।

# जानिए सारा विश्व प्रो यूनुस को क्यों अनुसरण कर रहा

दैनिक शुभ भास्कर दिलीप कुमार साह

बिहार अगला गुरुवार यानी 9 फरवरी को रात 9 बजे जाने नोबेल विजयी बांग्लादेशी प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस को । आज प्रोफेसर यूनुस का तीन शून्य कांसेप्ट : शून्य प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन, शून्य बेरोजगारी और शून्य गरीबी पूरी दुनिया को एक नई राह प्रदान किया है । यह मोहम्मद यूनुस का ही माइक्रोफाइनेंस स्कीम है जो दुनिया भर के गरीबों का सहारा बना हुआ है । रमन मैग्सेसे, नोबेल के साथ साथ कुल 38 पुरस्कार और 62 विश्वविद्यालय से मानद डॉक्टरेट उपाधि उनके कृतित्व को दशार्ता है । पीछले फीफा फुटबॉल विश्वकप 2022 उनको डेडिकेट किया गया था और नाम भी फीफा सोशल वर्ल्ड कप रक्खा गया था । प्रोग्राम का नाम ज्ञान टॉक है जो फेसबुक लाइव के माध्यम से महान मोटीवेटर तथा बिजनेस कोच शशिश कुमार तिवारी जी के ऑफिशियल पेज से प्रसारित होगा जिसका होस्ट होंगे स्वयं शशिश और गेस्ट होंगे महागुरु प्रोफेसर डॉक्टर देबज्योति मुखर्जी । ज्ञात हो कि पीछले कई महीनों से हर गुरुवार विभिन्न विषय पर ज्ञान टॉक आयोजित हो रहा है जिसका एकमात्र उद्देश्य इनफॉर्मेशन से ट्रांसफॉर्मेशन लाना है यानी सूचना से बदलाव । प्रोग्राम में देश विदेश से हजारों युवा हर गुरुवार जुड़ते हैं ।



# पुण्यतिथि पर याद किये गये युवा उद्योगपति अरुण गोलछा, कार्यक्रम में शिक्षा बढ़ावा को लेकर कई घोषणा







फारबिसगंज : फारबिसगंज के मटियारी पंचायत स्थित अरुण गोलछा प्राथमिक विद्यालय जुम्मन चौक परिसर में गोरधनदास अरुण कुमार गोलछा चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपति अरुण कुमार गोलछा को उनके पुण्यतिथि पर याद किया गया।तस्वीर पर पुष्पर्पण और माल्यार्पण के बाद मौजूद स्कूली बच्चों के बीच बैग और शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया गया।मौके पर मौजूद लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जीवित रहते किये गये सामाजिक कार्यों की सराहना की गई। सामाजिक कार्यकर्ता वाहिद अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मूलचंद गोलछा,देवेश गोलछा,रौशनी गोलछा,मुकेश उर्फ बंटी राखेचा,सुमन डागा,प्रदीप देव,अमरेंद्र कुमार,सुरेंद्र प्रसाद उर्फ ननकी यादव,शमसुल आलम,जफर आलम बब्बू,जाबिर अंसारी,हरेंद्र ठाकुर,कमलेश्वरी मंडल,मुंशी चौधरी,अमर कामत,स्कूल के हेडमास्टर रामनरेश प्रसाद देव,शिक्षिका बीबी जहां आरा,कविता कुमारी,पंकज भारती,मो.साकिर,चांदनी कुमारी आदि मौजूद थे। मौके पर देवेश गोलछा ने क्लास दस तक के बच्चों के लिए स्कॉलरशिप देने के साथ तीन तरह के बच्चों का पढ़ाई के साथ सभी तरह के खर्च उठाने की घोषणा की गई।साथ ही बथनाहा में स्कूल निर्माण के लिए 30डिसमिल जमीन देने की घोषणा के साथ स्कूल में गेट निर्माण की भी घोषणा की गई।मौके पर स्कूल को चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बेंच डेस्क उपलब्ध कराया गया।छात्रों के प्रतिभा को तराशने के लिए भविष्य में कई अन्य योजनाओं को भी शुरू करने की घोषणा की गई।वहीं मटियारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप देव ने बच्चों के ड्रेस के साथ चहारदीवारी और सड़क निर्माण कराए जाने की घोषणा की गई।

# फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**भरगामा/अररिया**

भरगामा थाना पुलिस ने रात्रि छापेमारी के दौरान थाना क्षेत्र के कुशमौल वार्ड संख्या 10 से थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के निर्देश पर दो फरार वारंटी विशेष यादव उर्फ विशेश्वर यादव पिता स्वर्गीय दामोदर यादव उम्र 60 वर्ष एवं रंजीत यादव पिता विशेश्वर यादव उम्र 36 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त विशेष यादव व रंजीत यादव काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसे गुप्त सुचना के आधार पर एएसआई कुलदीप कुमार एएसआई चंद्रप्रकाश एवं सशस्त्र बल के जवान ने खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया एवं आवश्यक पूछताछ एवं कार्यवाई के बाद न्यायिक हिरासत अररिया जेल भेज दिया

# शहिद राहुल कुमार का पार्थिक शरीर पहुंचने पर विधायक सहित अन्य लोगो ने पुष्प श्रद्धांजलि दिया

**अमर ख्याल संजीव कुमार**

बिहार सुल्तानगंज के नमामि गंगे घाट पर मुंगेर जिले के संग्रामपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत के रामपुर गांव के रहने वाले स्वर्गीय जीवन सिंह के 34 वर्षीय पुत्र आर्मी के जवान राहुल कुमार का उत्तराखंड में बर्फ के भूस्खलन में शहिद होने पर उनका पार्थिक शरीर गांव में पहुंचने के बाद गांव के लोगो द्वारा श्रद्धांजलि देते हुए गांव से शहीद राहुल कुमार का काफिला भारत माता के जयकारों एवम शहीद राहुल कुमार अमर रहे का नारा लगाते मोटरसाइकिल जुलूस सुल्तानगंज के नमामि गंगे घाट पहुंचने पर विधायक प्रोफेसर डॉ ललित नारायण मंडल, डीएसपी डा गौरव कुमार, नगर सभापति राजकुमार गुड्डू,भाजपा नेता नवीन कुमार बननी, संजय कुमार चौधरी,सुभाष पोद्दार, वार्ड पार्षद पंकज कुमार यादव, सहित इत्यादि लोगों ने शहिद राहुल कुमार को पुष्प गुच्छ अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिए। साथ ही आर्मी के दर्जनों जवानों जवानी ने गॉड ऑफ ऑनर देते हुए शहीद राहुल कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए सलामी दिए। इस दौरान शाहिद राहुल कुमार के छोटे भाई रोहित कुमार के द्वारा मुख्य अग्नि देकर अंतिम बिदाई दी। इस दौरान विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल, नगर सभापति राज कुमार गुड्डू, भाजपा नेता संजय चौधरी ने शहीद राहुल कुमार को नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान पुरा देश याद रखते हुए उनके परिवार को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, शहीद राहुल कुमार को नमन करते हुए श्रद्धांजलि देने कि बात कही इस दौरान रामपुर गांव के ग्रामीण एवम सुल्तानगंज शहर के गण्यमान लोग सहित पुलिस कर्मी मौजूद थे।



# पंचायत समिति बैठक में प्रतिनिधियों ने उठाया भ्रष्टाचार का मुद्दा

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**



जिले के किसनपुर प्रखंड परिसर स्थित टीपीसी भवन में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उप प्रमुख समा प्रवीण ने की । बैठक में मुख्य एजेंडा था वित्तीय वर्ष 2023- 24 योजनाओं का चयन और चयनित योजनाओं का अनुमोदन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी प्रतिनिधियों ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सभी कार्यालय में बिना रिश्वत दिए हुए कोई भी कार्यालय में काम नहीं किया जाता है ।परसा माधो पंचायत के मुखिया राज कुमार साह ने कहा मेरे पंचायत में मनरेगा के तहत की गई सड़क निर्माण को 13 माह से अधिक बीत जाने के बाद भी अभी तक योजनाओं का राशि नहीं दी गई है । उन्होंने कहा कि दोनों सड़क का कुल राशि 10 लाख है। जहां 6 लाख राशि दे दी गई है। उसके बाद लगभग 4 लाख राशि के लिए 13 माह से मनरेगा कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं लेकिन राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि कार्यस्थल का जांच मनरेगा पीओ व पीटीए और जेई के द्वारा लगभग 10 बार से अधिक स्थल जांच करने के बाद भी राशि नहीं दी जा रही है। उन्होंने आक्रोश जताते हुए बीडीओ को जानकारी दी। वहीं मुखिया ने कहा कि जमीन की मोटेशन हुआ दाखिल खारिज कराने में काफी परेशानी हो रही है। कहां की राजस्व कर्मचारी के कार्यालय में हमेशा बिचौलियों का जमावड़ा लगा हुआ रहता है जिसके कारण आम जनता त्रस्त हैं ,अगर कर्मचारी के साथ बिजोलिया नहीं रहे तो आम पब्लिक के काम में भी सुविधा होगी और आम लोगों से अवैध मोटी रकम की वसूली भी नहीं होगी। बीडीओ ने कहा कि इस तरह का मामला है तो सीओ को इसके बारे में बताया जाएगा और सरकारी कर्मचारी के अलावे कोई भी कार्यालय में सरकारी कर्मचारी के अलावा कोई गैर जिम्मेदार व्यक्ति के द्वारा अगर सरकारी काम करता है या करवाता है तो उसका वीडियो ग्राफी बनाकर हमें दें ।हम उन पर तत्काल कार्रवाई करेंगे ।

# प्रखंड में इंटर परीक्षा के छठे दिन शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा शुरू, 999 छात्र में 19 छात्र रहे अनुपस्थित

**सरोज कुमार/ दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**



जिले के किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इंटर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में चल रहा है। जहां परीक्षा के छठे दिन 999 छात्र में 19 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे। मंगलवार को आयोजित परीक्षा को लेकर परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों का जांचोपरांत परीक्षा भवन के अंदर प्रवेश दिया गया। जहां जूता, मोबाइल व घड़ी पहनकर आने वाले छात्र से बाहर हीं रखवाया गया। इस दौरान पुलिस केंद्र से आए लालू कुमार पुलिस बल के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ परीक्षा भवन पर मौजूद भीड़ को नियंत्रित करने में लगे रहे। इसके लिए चाक चौबंद व्यवस्था किया गया था। जबकि परीक्षा केंद्र पर कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा का व्यवस्था के साथ वीडियो ग्राफी का भी व्यवस्था किया गया था। इस बाबत केंद्राधीक्षक डॉ राजीव कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के हिंदी विषय में 869 छात्र के जगह 856 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुआ। जहां 13 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहा। वहीं द्वितीय पाली के अर्थशास्त्र विषय में 130 छात्र के जगह 124 छात्र हीं परीक्षा में सम्मिलित हुए। जहां द्वितीय पाली में भी 06 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे। थानाध्यक्ष मो महबूब आलम ने बताया कि परीक्षा में चाक चौबनंद व्यवस्था किया गया है।

# महादलित महिलाओं द्वारा अंचल अधिकारी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**

जिले में किसनपुर प्रखंड के किशनपुर दक्षिण पंचायत वार्ड नंबर 9 निवासी महादलित महिलाओं द्वारा मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचल अधिकारी के खिलाफ में जमकर प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए बासगीत पर्चा देने की मांग कर रही थी ।इस बाबत महादलित महिलाओ मीना देवी ,रूपा कुमारी, रामू देवी ,रिंकू देवी ,मनिया देवी, मूर्ति देवी ,प्रमिला देवी ,माला देवी, कलिया देवी , छेदनी देवी, सज्जन देवी, सोहन सदा ,कहली देवी ,बच्ची देवी ,रत्नी देवी ,पुर्नी देवी, अमेरिका देवी, मंजू देवी ,नीतू कुमारी ,पवन सदा प्रेम देवी, कुसुमा देवी ,सरिता देवी, हरिलाल सदा , डूमिनी देवी, अकली देवी ,रंजन देवी, रंजीत सदा ,समतुल्य देवी ,तुरंती सदा, धूलिया देवी ,ललिता देवी, सुशीला देवी ,जनार्दन सदा, सनी देवी, रजिया देवी, रानी देवी ,देबू सदा, राजू सदा, अकलू सदा ,सभी लोगों द्वारा एक साथ बताया गया कि विगत 5 वर्षों से बासगीत परचा के लिए दौड़ लगा रहे हैं । बावजूद कोई भी अधिकारी जांच तक भी नहीं कर रहा है। इसको लेकर कई बार अनुमंडल लोक शिकायत से लेकर जिला लोक शिकायत तक बास गीत पर्चा के लिए आवेदन दिया गया है पर बावजूद बास गीत पर्चा के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है ।सबों के द्वारा बताया कि अगर हम लोगों को एक महीना के अंदर कहीं पर पर्चा नही दिया जाता है तो हम लोग आंदोलन के रूप में सड़क जाम भी करने को तैयार हैं ।प्रदर्शन कर रही महिलाओ द्वारा बताया गया कि अंचल अधिकारी के ओर से यह कहा जाता है कि आप लोग कहीं पर जमीन को खोजिए तब पर्चा के लिए उससे बात कर जमीन खरीद की जाएगी। इसलिए हम दलितों द्वारा कहा पर जमीन को खोजते रहेंगे । इस बाबत अंचलाधिकारी परीक्षा ड्यूटी में रहने के कारण फोन से बात नही हो पाया ।

# बंगाल से अपहृत युवती फारबिसगंज में बरामद,बंगाल पुलिस ने फारबिसगंज पुलिस के सहयोग से किया बरामद,आरोपी गिरफ्तार



फारबिसगंज : फारबिसगंज के फुलवड़िया हाट स्थित एक झोपड़ी से पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर के चोपड़ा थाना से अपहत युवती रुंपी खातून को बरामद किया गया है ।उत्तरी दिनाजपुर की चोपड़ा से आई पुलिस टीम ने फारबिसगंज थाना पुलिस के सहयोग से मोबाइल लोकेशन के आधार पर पकड़ा ।युवती के साथ उसको लेकर फरार होने वाले तथाकथित प्रेमी और अपहरणकर्ता सिवान जिला के रहने वाले नवीन शर्मा को भी गिरफ्तार किया गया ।उत्तरी दिनाजपुर के चोपड़ा से एएसआई अभिषेक पोद्दार,प्रियंका छेत्री और संजय चेतन शेरपा के साथ फारबिसगंज थाना के एसआई अमर कुमार ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर बरामद किया ।मामले को लेकर पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर के चोपड़ा थाना से आए पुलिस अधिकारी अभिषेक पोद्दार ने बताया कि उनके थाना में रुंपी खातून के परिजनों के द्वारा अपहरण का केस 31 जनवरी 2023 को दर्ज किया गया था और नवीन शर्मा पर अपहरण कर युवती को लेकर फरार हो जाने की बात केस में की गई थी। इसी आलोक में केस में मोबाइल लोकेशन को ट्रेक किया जा रहा था और लोकेशन के आधार पीआर पकड़ा गया ।पकड़े गए युवक ने अपहरण के मामले को गलत करार देते हुए प्रेम प्रसंग होने की बात कही ।बंगाल पुलिस बरामद युवती और आरोपी युवक को अपने साथ पकड़ कर लेकर बंगाल चली गई है।

# प्रखंड में दश महाविद्या चैम्पियन्स ट्रॉफी पर दरभंगा ने किया कब्जा

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**



जिले में सदर प्रखंड के तेजेन्द्र हाईस्कूल बरुआरी मैदान पर चल रहे दस महाविद्या चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबले में मंगलवार को दरभंगा ने सिंहेश्वर को छह विकेट से पराजित कर कप पर अपना कब्जा जमाया । विजेता टीम को फ्रेंड्स ऑफ आनंद के प्रदेश अध्यक्ष कुलानंद यादव अकेला तथा उपविजेता टीम को प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी कालीचरण ने कप प्रदान किया ।इससे पहले सिंहेश्वर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते 17 ओवर में कुल 121 बनाकर आउट हो गई । जिसमे बल्लेबाज मनीष के 21 गेंदों पर 29 रन , मिन्नत के 5 गेंदों पर 18 रनों का योगदान रहा ।दरभंगा टीम के गेंदबाज ओंकार ने 9 रन देकर चार, अजय ने 26 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए ।जवाब में खेलने उतरी दरभंगा की टीम ने 17 ओवर में चार विकेट खोकर अपनी मंजिल हासिल कर छह विकेट से जीतकर चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।जिसमें बल्लेबाज संतोष के 36 गेंदों पर 38 , मनोज के 29 गेंदों पर 27 रैंक महत्वपूर्ण योगदान रहा । सिंहेश्वर के गेंदबाज चार ओवर 31 रन देकर एक विकेट प्राप्त किए । जानकारी देते मैच के आयोजक रतन सिंह ने बताया कि मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दरभंगा टीम के संतोष , बेस्ट गेंदबाज ओंकार तथा मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सिंहेश्वर के पंकज , बेस्ट बल्लेबाज गौतम को दिया गया ।वही मैच में अंपायर प्रवीण सिंह वह ध्रुपद कॉमेंट्री राजेश विमल स्कूल आदर्श व कुणाल सिंह ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई इस मौके पर फ्रेंड्स ऑफ आनंद सहरसा के जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, पंसस, सर्च संजय कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, चीकू सिंह, रतन सिंह, शिवानंद झा, कार्तिक सिंह, अशोक सिंह, वीरेंद्र झा आदि लोग मौजूद थे ।

# नशे के कारोबार को रोकना मेरी पहली प्राथमिकता :-डीआईजी ज्ञावली



भारत नेपाल रेल यात्री सहजीकरण समिति के स्वागत कार्यक्रम मे क्रॉस बोर्डर कि समस्या पर हुई चर्चा जोगबनी सीमा से सटे नेपाल के प्रदेश संख्या एक के डीआईजी श्याम लाल ज्ञावली से नेपाल भारत रेल यात्री सहजीकरण समिति के प्रमुख संरक्षक राजेश गुप्ता व महेश साह स्वर्णकार, अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा के नेर्तित्व मे मंगलवार को शिष्टाचार परिचयत्मक मुलाकात किया गया, मुलाकात को गए उक्त शिष्टमंडल के द्वारा भारत नेपाल सीमा के बिभिन्न मुद्दे पर चर्चा किया ! समिति के पदाधिकारी के द्वारा डी आई जी ज्ञावली के समक्ष बढ़ रहे नशे के कारोबार पर चिंता जाहिर करते हुए सीमा इलाके मे लगातार दोदेशीय समन्वय मे लगातार कारोबारी के बिरुद्ध अभियान चलाने कि मांग रखी गयी, संस्था के संरक्षक राजेश गुप्ता ने प्रदेश पुलिस प्रमुख को कहा कि दिन प्रतिदिन युवा पीढ़ी नशे के शिकार हो रहे है लेकिन कारोबारी का कारोबार पुख्ता कार्यवाही नहीं होने से कारोबार घटने कि जगह बढ़ रहा है वही समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा ने प्रदेश पुलिस प्रमुख से कहा कि नशे के कारोबार को रोकथाम के लिए अब जो कारोबारी है चाहे नेपाल के हो या भारत के इनकी पहचान सार्वजनिक करने से काफी हद तक कारोबार पर अंकुश लगाने मे मदद मिलेगी वही सभी मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश पुलिस प्रमुख श्री ज्ञावली ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता नशे के कारोबार पर अंकुश लगाना ही है वह खुद इस मुद्दे पर गंभीर है इसके लिए सशक्त रणनीति बनायीं जा रही है उन्होंनो आम जन से भी आग्रह किया है कि अपने स्तर से भी जागरूकता अभियान चलाए सभी के सहभागिता से ही नशे के कारोबार कि रोकथाम संभव है वही इस कार्यक्रम मे भारत नेपाल रेल यात्री सहजीकरण समिति के उपाध्यक्ष पत्रकार पवन साह, दिनेश साह सहित अन्य लोगो ने अपनी बात रखी !

# ठूठी 76 आरडी नहर पर बांध मरम्मती कार्य का डीएम ने लिया जायजा , जल्द कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**सोनू आलम /दैनिक सुभ भास्कर, बलुआ(छातापुर)सुपौल**



जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत बलुआ बाजार,के ठूठी पंचायत में पूर्वी कोसी मेन केनाल 76 आरडी के समीप रविवार शाम पानी के दबाब कारण ध्वस्त हुए एस.एल.आर पुल के पास चल रहे बांध मरम्मती कार्य का डीएम कौशल कुमार ने मंगलवार को कार्य स्थल पर पहुँचकर जायजा लिया ।इस दौरान मौके पर त्रिवेणीगंज एसडीएम एस.जेड हसन,सिचाई अंचल सहरसा के अधीक्षण अभियंता श्रीकांत शुल्क,बीरपुर सिचाई प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मो.तारीर हुसैन,सहायक अभियंता नितिन रंजन,जेई मो.सहरियार हुसेन,मो.मुजस्सम अंसारी,राजीव रंजन समेत ठूठी के जनप्रतिनिधि समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।कार्यस्थल पर मौजूद इंजीनियर से डीएम ने चल रहे बांध मरम्मती कार्य के बारे में बारीकी से जायजा लिया ।वही बांध मरम्मती कार्य को जल्द पूर्ण कर आवागम बहाल करने एवं नहर में पानी भी छोड़ने को कहा जिससे किसानों को रवि फसल के सिचाई में ज्यादा परेशानी नही हो ।वही उन्होंने वहां मौजूद ग्रामीणों से भी पुल टूटने पर हुए समश्या को भी सुना ।वहां मौजूद ग्रामीणों ने किसी भी प्रकार नुकसान होने से इंकार किया ।ग्रामीणों ने डीएम से 72 आरडी के समीप प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से लगभग 4 करोड़ 07 लाख 84 हजार 851 रुपये की लागत से बन रहे पूल में अनिमियता के बारे में भी शिकायत की ।ग्रामीणों ने बताया कि बन रहे पूल के पाइल में संबंधित संवेदक के द्वारा पर्याप्त मात्रा में सीमेंट और सरिया का इस्तेमाल नही किया जा रहा है ।इस पर डीएम ने तुरंत ग्रामीण कार्य विभाग के जे.ई को फोन कर संबंधित मामले को देखरेख करने निगरानी कार्य कराने का निर्देश दिया ।वही डीएम कौशल कुमार ने कहा कि रविवार को 76 आरडी के पास पूर्वी कोसी मेन केनाल पर एसकैप चैनेल पर बना पुल टूट गया था ।जिसका बांध मरम्मती कार्य शुरू है ।जिसे चार से पाँच दिनों में पूरा कर लिया जाएगा ।उसके बाद पुल का परमानेन्ट स्ट्रक्चर भी डिजाइन कर विभाग को भेजकर जल्द से जल्द पुल का भी निर्माण करा दिया जाएगा।

# प्रखंड में जीवछपुर वॉर्ड 4 से 1914 बोतल नेपाली सोफी शराब पुलिस ने किया बरामद

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल**



जिले में पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर पंचायत के जीवछपुर वॉर्ड 4 से 1914 बोतल नेपाली सोफीया शराब पिपरा पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह को गुप्त सूचना मिली कि जीवछपुर में शराब तस्कर द्वारा शराब की बड़ी खेप पहुंची है, इसकी जानकारी मिलते ही एएसआई प्रकाश रजक और मोहमद इरफान खान पुलिस बल के साथ जीवछपुर वॉर्ड 4 पहुंच गए, पुलिस जैसे ही वहां पहुँची तो देखा की सड़क किनारे लगभग 16 प्लास्टिक बोरे में शराब पड़ा हुआ था, मौके से पुलिस ने इसकी सूचना थानाध्यक्ष बिनोद कुमार को दी और मौके से 16 बोरे में रखे करीब 1914 बोतल नेपाली सोफीया शराब जब्त कर थाना लाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब किसकी है और कहां डिलेवरी होने वाला था ये जानकारी नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस छानवीन में जुट गई है।

# ब्रह्म बाबा स्थान पर अखंड अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन

**भरगामा / अररिया**

भरगामा प्रखंड अंतर्गत जयनगर पंचायत के ब्रह्म बाबा स्थान पर अखंड अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे। जयनगर स्थित ब्रह्म बाबा स्थान में प्रत्येक वर्ष अखंड अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता है जानकार बताते हैं कि जो भी भक्त सच्चे मन से इस स्थान पर पूजा अर्चना कर अपनी मन्नत मांगते हैं उनकी हर मन्नत पूरी हो जाती है जिस कारण से काफी दूरदराज से श्रद्धालु आकर ब्रह्म बाबा स्थान पर मन्नत मांगते दिख जाते हैं। ब्रह्म बाबा स्थान के व्यवस्थापक स्थानीय मणि भूषण सिंह ने बताया कि इस स्थान पर प्रतिवर्ष माघ के पूर्णिमा के उपरांत यहां पर अखंड अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता है और यह प्रतिवर्ष होता रहता है जिस वर्ष इसमें थोड़ी सी चूक हो जाती है तो कुछ ना कुछ अनिष्ट हो जाता है वही काफी दूरदराज से श्रद्धालुओं स्थान पर पहुंचकर अपनी श्रद्धा प्रकट करते रहते हैं। इस मौके पर मणि भूषण सिंह, शैलेंद्र सिंह, फनीभूषण सिंह, हरदेव सिंह, भवाशंकर सिंह, हरिनंदन यादव, सत्यनारायण यादव, रमेश दास, बेचन सूतिहार, चंदन कुमार सिंह, पीरों मालाकार,उपेन्द्र यादव व्यवस्था को नियंत्रित करते दिखे।





# सिमराहा के औराही पश्चिम में होगा भव्य सत्संग का आयोजन



फारबिसगंज : रेणु जनपद के औराही पश्चिम पंचायत अंतर्गत कुसहा में दो दिवसीय भव्य सत्संग और विराट ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने वाला है। जिसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है। कार्यक्रम की रुप रेखा तैयार करने एवं इसे सफल बनाने के लिए सत्संग प्रेमियों के अलावे जन प्रतिनिधियों, एवं आम लोगों के द्वारा एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें इस सत्संग कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। जानकारी के मुताबिक संत नगर कुसहा में 22 एवं 23 फरबरी को दो दिवसीय भव्य सत्संग और विराट ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से महर्षि मेंहीं ब्रह्म विद्यापीठ हरिद्वार के परम पूज्य स्वामी व्यासानंदजी महाराज के अलावे अन्य संतगण भी कार्यक्रम मेंशामिल होंगे । इस कार्यक्रम में धर्म प्रेमियों द्वारा भजन - कीर्तन, ईश्वर वंदना, प्रवचन, आरती एवं ग्रंथ पाठ आदि किया जाएगा। इस बैठक में कमेटी के अध्यक्ष पुण्यानंद मंडल, उपाध्यक्ष कमलानंद यादव, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवानंद मंडल, सचिव गिरवल मंडल के अलावे मानिक लाल मंडल, अनिल मंडल, डॉ. उपेन्द्र मंडल, मुखिया प्रतिनिधि आफताब आलम ऊर्फ चून्ना, अपराजितराय अप्पु, शंकर भगत, दयानंद फौजी, सरपंच प्रतिनिधि मनोवर आलम, पैक्स चेयरमैन देवेन्द्र ऊर्फ पिंटू गुप्ता, पूर्व जिप सदस्य दीलिप पटेल, पंसस प्रतिनिधि मुर्शिद आलम, उप मुखिया रत्नेश कुमार, अखिलेश यादव, सुनील मंडल, मनोज गुप्ता, परवेज आलम, देबू मंडल, गोपाल मंडल, मो अकबर, महानंद मंडल, विकास पटेल, बीरवल यादव, मुन्ना ठाकुर आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे ।

# जल जीवन हरियाली दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**

जिले में ग्रामीण विकास विभाग, बिहार पटना के निदेशानुसार माह के प्रथम मंगलवार को जल-जीवन-हरियाली दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। आज के उक्त कार्यक्रम में परिचर्चा का विषय नए जल स्त्रोतों का सृजन (निजी भूमि पर चौर का विकास) था। उक्त कार्यक्रम का आयोजक विभाग पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग था। उक्त कार्यक्रम में वेब कास्टिंग के माध्यम से जिले के पदाधिकारी/कर्मी जुड़े हुए थे। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने सुझाव साझा किए। इसी क्रम में बताया गया कि नए जल स्त्रोतों के सृजन से भूगर्भीय जल स्तर में वृद्धि होगी एवं भविष्य में पानी की अनुपलब्धता से बचा जा सकेगा। साथ ही जल के संचयन से पर्यावरणीय संतुलन को बल मिलेगा।

## इंडो - नेपाल टी 20 क्रिकेट टूनामेंट जोगबनी हाई स्कूल के ऐतिहासिक मैदान में हुआ शुभारंभ

**जोगबनी ।** जोगबनी हाई स्कूल के ऐतिहासिक मैदान में मंगलवार को इंडो नेपाल टी 20 क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ किया गया । नेपाल से पहुचे अतिथि समाजसेवी राजेश गुप्ता व जोगबनी निवासी साहेब खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया । अतिथि द्वय बैटिंग और बोलिंग कर मैच का शुभारंभ किया । इससे पहले अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया और भारत नेपाल का राष्ट्रीय धुन बजाए गए । जोगबनी हाई स्कूल के मैदान में मंगलवार को इंडो नेपाल टी 20 क्रिकेट टूनामेंट का पहिला मैच जोगबनी क्रिकेट क्लब बनाम रानी सोसाइटी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया । टॉस जीतकर बैटिंग के लिए उतरी जोगबनी क्रिकेट क्लब ने निर्धारित बीस ओभर में 162 रन बनाया । आदेश साह 87 और मो सैफ 36 रन का योगदान दिया । रानी सोसाइटी क्लब का खिलाड़ी अफजल ने 16 रन देकर तीन विकेट लिया । जबाब में उतरी नेपाल के टीम 134 रन बनाकर आल आउट हो गई । श्रीजल 26 और अमन शेख 24 रन का योगदान दिया । जोगबनी टीम का खिलाड़ी जयंत तीन ओभर में 23 रन देकर टीम विकेट लिया । मैन



ऑफ दी मैच का पुरस्कार जोगबनी क्रिकेट टीम का खिलाड़ी आदेश साह को वार्ड छह का पार्षद प्रतिनिधि निशार अहमद के हाथों दिया गया । टूनामेंट में एम्पायर राकेश साह , अरबिंद राय , सरोज कुमार ,कमेंटेटर अमित झा , स्कोरर सुमित शर्मा ,चांद नबाब ने भूमिका निभाया । इस मौके पर मोहमद वाहिद , मेराज सिद्दीकी , पवन साह अजय प्रसाद , रंजीत राय , निशार अहमद व अन्य स्थानीय खेलप्रेमी मौजूद थे । टूनामेंट का उद्घाटन समारोह में अध्यक्ष अंजार अहमद , उपाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव , सचिव सुफियान शेख , सह सचिव सद्दाम हुसैन, कोषाध्यक्ष हसन रजा , अमित झा , चांद नबाब , राकेश साह , सुमित शर्मा सक्रिय दिखे । इस अवसर पर बड़ी सख्या में नेपाल के मटियरवा व रानी क्षेत्र के लोग खेल देखने पहुचे थे ।

## रोगी सहायता समूह के सदस्य दे रहे हैं फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को मजबूती

**अररिया ।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के प्रयासों में तेजी आयी है। स्वास्थ्य विभाग व सहयोगी संस्थाओं की सक्रियता के कारण रोग प्रबंधन व इसके प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण के उपायों को मजबूती मिली है। जरूरी चिकित्सकीय सेवाओं तक मरीजों की आसान पहुंच के उद्देश्य से फारबिसगंज व रानीगंज प्रखंड में विशेष रूप से फाइलेरिया क्लिनिक संचालित है। वहीं समाज के मुख्य धारा से अलग जीवन बसर करने के लिये मजबूर फाइलेरिया व कलाजार मरीजों के लिये रोगी सहायता समूह व नेटवर्क रोग उन्मूलन की दिशा में बेहद प्रभावी साबित हो रहा है। जिले के तीन प्रखंडों में फिलहाल 12 ऐसे समूह संचालित हैं। इसमें अररिया प्रखंड में 05, फारबिसगंज में 04 व रानीगंज में 02 समूह संचालित है। समूह के सदस्य आसपास के ग्रामीण व स्कूली बच्चों को रोग से बचाव व इसके प्रबंधन संबंधी उपायों के प्रति जागरूक करने की मुहिम से जुटे हैं। अररिया प्रखंड के दियारी पंचायत में



संचालित रोगी सहायता समूह के सदस्य 55 वर्षीय गजेंद्र प्रसाद इस अभियान से जुड़ने पर खुशी जाहिर करते हैं। गजेंद्र कहते हैं कि वर्षों तक फाइलेरिया के असहनीय पीड़ा से गुजरा हूं। इस लिये फाइलेरिया मरीजों की तकलीफ को बखूबी समझता हूं। समूह से जुड़ने के बाद रोगी के बारे में बहुत कुछ जानने का मौका मिला। रोग को लेकर व्याप्त भ्रांतियां भी दूर हुई है। इसलिये समूह से जुड़ कर अब लोगों को इसके प्रति जागरूक कर रहा हूं। ताकि अपने परिवार व समाज के किसी दूसरे व्यक्ति को इस असहनीय पीड़ा का सामना न करना पड़े। इसके लिये ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को रोग की जानकारी देते हुए इससे बचाव संबंधी उपायों के प्रति जागरूक कर रहा हूं। अररिया पीएचसी प्रभारी डॉ जावेद ने बताया कि रोगी सहायता समूह की मदद से फाइलेरिया उन्मूलन के प्रयासों को मजबूती मिली है। समूह के सदस्यों को रोग के प्रबंधन व प्रभावित अंगों की देखरेख को लेकर प्रशिक्षित किया गया है। रोगग्रस्त मरीजों को रोग के बारे में समुचित जानकारी व उपलब्ध सरकारी चिकित्सकीय इंतजाम की जानकारी देने में समूह सदस्य अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके द्वारा ग्रामीणों को हर साल संचालित सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत आवश्यक रूप से दवा सेवन करने आसपास के माहौल को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह बताते हैं कि सहायता समूह समाज के लोगों को रोग नियंत्रण व इससे बचाव के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक मच्छरजनित रोग है। इसका कोई समुचित इलाज नहीं। लेकिन कुशल प्रबंधन व प्रभावित अंगों की समुचित देखरेख से इससे होने वाली जटिलताओं से बहुत हद तक बचा जा सकता है। वर्ष 2027 तक देश को पूरी तरह फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। लिहाजा इस दिशा में हर स्तर पर सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। ताकि इस उपेक्षित बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके।

## एम एल सी संजीव कुमार सिंह के सरकारी निवास के पास 19 फरवरी को होगी फैक्टनेब की बैठक

**अररिया ।** फैक्टनेब अररिया इकाई के सदस्य प्रो. रंजन ठाकुर नें क्रांतिकारी अभिवादन सभी प्राध्यापकों से अपील किया कि दिनांक 19 फरवरी 2023 ( रविवार ) को 11 बजे दिन से आवास संख्या 3, हार्डिंग रोड, पटना 1, ( माननीय विधान पार्षद) डा.संजीव कुमार सिंह जी के सरकारी निवास, सतमूर्ति के पास ) में बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ की राज्य समिति की बैठक आहूत की गई है ।प्रो रंजन ठाकुर नें बताया कि बैठक में राज्य समिति के सदस्यों, विश्वविद्यालय स्तरीय , जिलास्तरीय एवं महाविद्यालय स्तरीय अध्यक्ष, महासचिव एवं सभी सक्रिय साथियों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि,समय एवं स्थान पर बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का कष्ट करें ।एजेंडा निम्न प्रकार है । 1) गत बैठक की कार्यवाही की



संपुष्टि,2) इंटर एवं स्नातक स्तरीय मुकदमा तथा अनुदान की अद्यतन स्थिति,3) ए आई एफ यू सी टी ओ का कुरुक्षेत्र , हरियाणा में आयोजित शैक्षणिक सेमिनार में सहभागिता, 4) आन्दोलन, 5) संगठन,6) कोष एवं अन्यान्य अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा की जाएगी । बैठक में डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा प्रधान संयोजक प्रो राजीव रंजन, राज्य संयोजक फैक्टनेब उपस्थित रहेंगे ।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गोदभराई दिवस का हुआ आयोजन

**कटिहार ।** जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेविकाओं द्वारा नई गर्भवती महिलाओं को पोषण व टीकाकरण सम्बंधित जानकारी देते हुए गोदभराई दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र में गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य के लिए सन्तुलित खान पान व टीकाकरण की विशेष जानकारी दी गई। समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) द्वारा महिलाओं को गर्भावस्था के समय बेहतर खानपान और टीकाकरण सम्बंधित जानकारी देने के लिए प्रत्येक महीने के 7 तारीख को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का आयोजन करवाया जाता है जिसमें 7 से 9 महीने की गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उन्हें सेविकाओं द्वारा आवश्यक जानकारी दी जाती है। आईसीडीएस कटिहार की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी किशलय शर्मा ने बताया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गोदभराई दिवस का आयोजन कर सेविकाओं द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को उनके खान पान की जानकारी दी गयी। उन्हें पौष्टिक आहार व होने वाले शिशु के स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि



गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के आहार में प्रोटीन, विटामिन, काबोर्हाइड्रेट के साथ वसा की भी मात्रा होना जरूरी है। उन्हें हरी साग-सब्जी, सतरंगी फल, दाल, सूखे मेवे एवं दूध का सेवन विभिन्न पोषक तत्वों की आपूर्ति के लिए जरूरी बताया जाता है। केंद्र में गर्भवती महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से मिलने वाले लाभों की भी जानकारी दी जाती है । बता दें कि गर्भ धारण करने के 150 दिनों के अंदर पंजीकरण कर जरूरी दस्तावेज जमा करवाना आवश्यक है। कम से कम 1 प्रसव पूर्व जांच करवाने पर 180 दिनों बाद दूसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये एवं शिशु के जन्म के बाद उनके पंजीकरण व प्रथम चरण के टीकाकरण के बाद तीसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये की राशि दी जाती है।

## दो दिवसीय बैकयार्ड मुर्गी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया

**अररिया ।** 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के कमांडिंग अधिकारी श्री ब्रजेश सिकरवार की पहल पर कृषि विज्ञान केंद्र अररिया के प्रांगण में लघु प्रचार अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय बैकयार्ड मुर्गी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार सिंह (पुलिस अधीक्षक) अररिया, विशिष्ट अतिथि श्री मुकेश कुमार (उप कमांडेंट 52 वी वाहिनी स. सी. बल) अररिया, श्री विनोद कुमार (निदेशक व वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र अररिया), श्री रत्नेश कुमार, वैज्ञानिक पशुपालन विभाग कृषि विज्ञान केंद्र अररिया और श्री अमरेश कुमार, सहायक कमांडेंट एस एस बी अररिया ने साझा रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एस पी अशोक कुमार सिंह ने एस एस बी की सराहना करते हुए बताया कि एस एस बी द्वारा समय समय पर सीमावर्ती बेरोजगार लोगों



को इस प्रकार के अनेक प्रशिक्षण दिए जाते है जिनका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलता है। तत्पश्चात मुकेश कुमार, उप कमांडेंट 52 वीं वाहिनी स. सी. बल अररिया ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि एस एस बी द्वारा ऐसे कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोगों को स्वालंबी और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है साथ ही साथ श्री मुकेश कुमार ने बताया कि एस. एस. बी ऐसे कौशल प्रशिक्षण शिविर लागतार आयोजित करती है और आपसी बंधुत्व का संदेश देती है।

## अब्दुल जब्बार अंसारी का इंतकाल,नमदीदा सैंकड़ो लोगों ने किया सुपुर्द ए खाक

हाजीपुर(वैशाली)जिले के महुआ प्रखंड के गोविंदपुर सिंघाड़ा गांव बाशिंदा व रेलवे के आर एम एस विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी अब्दुल जब्बार अंसारी(73 साल लगभग)का इतवार को देर रात एक बजे लगभग अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इंतकाल हो गया।इंतकाल की खबर से गम की लहर दौड़ गई।सुबह से ही घर पर आखरी दीदार के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।सोमवार को बाद नमाज असर नमाज ए जनाजा मुफ्ती अली रजा मिस्बाही की इमामत में हुई।जिसके बाद सैंकड़ो नमदीदा लोगों ने स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया।इनके अच्छे अखलाक से हर कोई मोतास्सिर था।जिसकी वजह से नमाज ए जनाजा में हर मकतबे फिक्र के सैंकड़ो लोगों ने शरीक होकर दुआ ए मगफिरत की।लोगों की माने तो ये काफी बेबाक,मिलनसार और खुश अखलाक इंसान थे।यूं कहें तो हर





दिल अजीज भी।इनके परिवार में तीन बेटा,दो बेटी है।यह 2009 में बरौनी जंक्शन के रेलवे आर एम एस विभाग के कर्मी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।यह जब भी अपनी ड्यूटी के लिए जाते तो गांव के बहुत लोग इनको रेलवे का टिकट रिजर्वेशन कराने के लिए रूपया देता और पूरी इमानदारी के साथ यह टिकट रिजर्वेशन करा कर लाते।यह जब घर से अपनी साइकिल से चलते तो जन्दाहा में अब्दुल जलील मरहूम(चप्पल दुकान)के यहां जरूर रूकते।यहां से चलकर शाहपुर पटोरी स्टेशन के पास मोहम्मद अख्तर इदरीसी निवासी सरमस्तपुर के सिलाई दुकान पर अपनी साइकिल रख देते और ट्रेन से बरौनी के लिए रवाना होते।बरौनी से जब लौटते तो रास्ते भर सबसे मिलते जुलते घर लौटते थे।इनका अंदाज सबसे दोस्ती न केहू से बैर वाला था।अपने जिंदगी को जिंदादिल इंसान के तौर पर जीया।पूरे परिवार की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।परिवार के लोगों को बड़ी जिम्मेदारी देकर चले गए।जिसे कौन निभाता है यह आने वाले वक्त में देखने को मिलेगा।लोगों ने कहा कि गोविंदपुर सिंघाड़ा में मुसलमानों के लिए एक गार्जियन थे जो अब नहीं रहे।इनके इंतकाल पर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के वैशाली जिलाध्यक्ष मुस्तफा हसन अंसारी,जदयू नेता मुन्ना अंसारी,मोहम्मद एजाज अहमद अंसारी, राजद नेता गुलाम मुस्तफा अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद इरशाद, पत्रकार मजहर हसन, मोहम्मद शाहनवाज अता,मोहम्मद आसिफ अता, शिक्षक मोहम्मद हारूण, मोहम्मद आतिफ सोहैल उर्फ मुजफ्फर, मोहम्मद जाकिर हुसैन, मोहम्मद सलाउद्दीन, मोहम्मद अख्तर इदरीसी सरमस्तपुर, मोहम्मद जाकिर इदरीसी महुआ, प्रोफेसर रिजवान अली अंसारी, भाजपा नेता रमैया सिंह,मोहम्मद शेर अली,अब्दुल्लाह इमामी, प्रोफेसर नाजिम कादरी, मौलाना अब्दुल जलील, कैसर अली आदि ने गम का इजहार किया है और मरहूम के लिए दुआ ए मगफिरत किया।

## प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का हुआ शानदार स्वागत



हाजीपुर(वैशाली)जिले के जन्दाहा प्रखंड के नये प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नीतेश्वर महतो ने पदभार संभालने के बाद विद्यालयों का निरीक्षण शुरू कर दिया है।इसी क्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नीतेश्वर महतो जन्दाहा बाजार स्थित आदर्श मध्य विद्यालय जन्दाहा का निरीक्षण किया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का शानदार स्वागत किया गया।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी ने गुलदस्ते भेंटकर सम्मानित किया।वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।इस दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण कर सारी व्यवस्था देख प्रसन्न हुए।मौके पर प्रखंड संसाधन केन्द्र जन्दाहा के लेखा सहायक भोला पासवान,पीरापुर संकुल के नव चयनित समन्वयक राम सुन्दर राम,जन्दाहा संकुल के पूर्व समन्वयक शत्रुघ्न प्रसाद चौधरी व पप्पू कुमार,शिक्षक गोपाल कुमार झा,अखिलेश कुमार,सतीश कुमार,सरोज कुमार ठाकुर,अंबुज कुमार,कपिलदेव,मिंटू कुमार,अनिता कुमारी,गीता कुमारी,कविता कुमारी,ममता कुमारी,शिक्षक सीतेश कुमार सिंकू आदि मौजूद थे।

## 17 फरवरी को बापू सभागार पटना में मनेगी जननायक की भव्य पुण्यतिथि- कामिनी गोयल

**फारबिसगंज ।** राष्ट्रीय जनता दल, बिहार वीरचंद पटेल पथ, पटना के तत्वावधान में 17 फरवरी को बापू सभागार पटना में मनेगी जननायक की भव्य पुण्यतिथि मनेगी ।इस अवसर पर पार्टी कार्यालय द्वारा जारी पत्रांक 466 दिनांक 06/02/23 के आलोक में सूबे से सभी जिलाध्यक्ष / जिला प्रधान महासचिव,माननीय सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक विधान पार्षद, पूर्व विधान पार्षद,2020 विधान सभा एवं विधान परिषद के प्रत्याशी प्रदेश पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष सभी प्रखंड / नगर अध्यक्ष , पंचायत अध्यक्ष एवं



समर्पित साथीगण भाग लेंगे ।तैयारी जोर शोर से चल रही है ।इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार प्रदेश राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष कामिनी केडिया गोयल नें बताया कि राजद महिला प्रकोष्ठ से जुड़ी बड़ी संख्या में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सीमांचल - मिथिलांचल एवं सूबे के विभिन्न जिलों से महिलाएं भाग लेंगी ।

## रियल एस्टेट एवं सामाजिक कार्यो में बेहतर योगदान के लिए संजीव मिश्रा किए गए सम्मानित

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर मुख्यालय के रामपुर निवासी पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा को बीते सोमवार को पूर्णियां बायपास स्थित पनोरमा सिटी में देश के चर्चित सिख समुदाय से ताल्लुकात रखने वाले गुरू सुखवंत सिंह जी के हाथों उन्हें सम्मानित किया गया हैं। इस दौरान श्री मिश्रा ने मंगलवार को दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि सुखवंत सिंह जी फिलहाल फिल्म निर्माण उद्योग के एक प्रौजेक्ट में हैं और पिछले सात सालो से अपने तन मन धन से विश्व के जो भी लोकप्रिय पार्श्व गायक हैं उनसबों को एकसाथ एक मंच पर लाकर पद्म श्री से लेकर और भी कई विभिन्न आवार्डो से सम्मानित करवाने का कार्य करते हैं.उन्होंने दिल से आभार व्यक्त करते हुए बताया की मेरे भाई जैसा परम मित्र सूरज सिंह नालवा जी का



धन्यवाद जिन्होने सुखवंत सिंह जी को पूर्णियां लाए इस अवसर पर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा द्वारा रियल एस्टेट के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए सुखवंत सिंह ने उन्हें मोमेंटो देकर के सम्मानित करते हुए कहां की संजीव मिश्रा जी से आज के युवा वर्ग के लोगो को प्रेरणा लेनी चाहिए।

## बीएमजीएफ की नौ सदस्यीय टीम तीन दिवसीय दौरे पर पहुंची पूर्णिया

**पूर्णिया ।** शिशु मृत्यु दर को कम कराने में राज्य सरकार की ओर से स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इन्ही प्रयासों और गतिविधियों के अवलोकन के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएम) के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर प्रसव कक्ष, मैटरनिटी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, कंगारू मदर केयर (केएमसी), एसएनसीयू, बच्चा वार्ड सहित कई अन्य विभागों का बारीकियों के साथ निरीक्षण किया गया। पिरामल स्वास्थ्य की ओर से जीएमसीएच के सभागार में स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में हो रहे कार्यो को लेकर अपनी प्रस्तुति दी गई। वही शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर माता स्थान जाकर विभिन्न तरह की दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को गहनतापूर्वक जांच किया गया। बीएमजीएफ की नौ



सदस्यीय टीम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण को लेकर अपने तीन दिवसीय प्रवास यात्रा पर पूर्णिया पहुंची है। इन नौ सदस्यीय टीम में जेन दोनोफ्रियो, मनप्रीत सिंह, मेलिसा माइल्स, सुभाषिनी रामास्वामी, जोसेफ सलमा, आकाश मल्लिक, सुनीता कृष्णन, अभिजीत अरुण पाठक, गुड़िया के अलावा केयर इंडिया के राज्य प्रतिनिधि शरद चतुर्वेदी, डॉ पंकज कुमार मिश्रा, डॉ इंद्रनाथ बनर्जी मुख्य रूप से शामिल हैं।

## महम्मदगंज पूर्व मुखिया के16 वर्षिय पुत्र की पुर्णिया में हुई संदेहास्पद स्थिति में मौत , परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर थाना क्षेत्र के महम्मदगंज पंचायत की पूर्व मुखिया कुमारी कस्तुरी के 16 वर्षिय पुत्र अंकित कुमार की पुर्णिया में हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद उसके शव को फंदे से लटका दिया गया। 11वीं का छात्र अंकित पुर्णिया के मधुबनी स्थित मिस्त्री टोला के एक लॉज मे रहकर पढाई करता था। घटना सोमवार अपराह्न की बताई जा रही है जहां छात्र अंकित का शव उसके कमरे में फंदे से लटका पाया गया। लॉज मालकिन की सुचना पर टीओपी मधुबनी पुलिस घटना स्थल पर पहूंची। पुलिस के द्वारा रात करीब साढे 10 बजे मृतक छात्र के पिता महम्मदगंज निवासी संजीव कुमार भारती को मोबाइल पर इसकी सुचना दी गई। जानकारी के बाद श्री भारती अन्य लोगों के साथ मधुबनी स्थित लॉज पहूंचे और घटना से अवगत हुए। जिसके बाद पुलिस ने फंदे से उतार चुके शव को कब्जे मे लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं संदेह के आधार पर लॉज के तीन छात्रों को हिरासत में लेकर पुछताछ मे जूटी हुई है। मंगलवार संध्याकाल मृतक छात्र का शव महम्मदगंज स्थित उनके घर पहूंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अंकित की मां कुमारी कस्तुरी के करूण चित्कार से माहौल गमगीन बना रहा। वहीं मौजूद सैकड़ो लोगों की ऑखे नम थी और सभी इस घटना को ले आक्रोशित भी थे। जानकारी के बाद त्रिवेणीगंज की विधायिका वीणा भारती, छातापुर विधायक प्रतिनिधि केशव कुमार गुड्डू, भाकपा नेता रघुनंदन पासवान, भाजपा नेता पवन कुमार हजारी, जिलापरिषद प्रतिनिधि भूषण कुमार



पासवान, एचएम गुरूचरण पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी पहूंचे और घटना से अवगत हुए और दुख व्यक्त किया। पीड़ित पिता श्री भारती ने लॉज मालकिन सहित तीन छात्रों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं पुरे घटनाक्रम में पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उन्होंने उठाए हैं। कहा कि सोमवार दिन के 12 बजे घर के लोगों की अंकित से मोबाइल पर बात हुई। दिन के भोजन के बाद सुनियोजित तरीके से अंकित की हत्या कर उसके शव को फंदे से लटका दिया गया। लॉज मालकिन ने उन्हे फोन नहीं किया और पुलिस को सुचना दिया गया। टीओपी के इंचार्ज ने रात करीब 10 बजे उन्हे बताया कि आपके पुत्र ने आत्महत्या कर लिया है। जिसके बाद उन्होने अविलंब पहूंचने की बात कहते पुलिस को फिलहाल शव को फंदे से नीचे उतारने से मना कर दिया था। परंतु जब वे लोग वहां पहूंचे तो शव को नीचे उतार लिया गया था। लटके शव का भीडीओ या फोटो भी नहीं बनाया गया। शव के गले में खुन लगा गहरा जख्म है और फंदे में कई गांठ लगे हुए हैं। बताया कि हत्यारों ने घटना को अंजाम देने के बाद कमरे की किवाड को अंदर से लगाकर चदरे के छत से होकर बाहर निकल गया। श्री भारती ने बताया कि बिना किसी अंजाम तक पहूंचे पुलिस इस घटना को आत्महत्या का मामला कैसे बता सकती है। भारी दबाव के बाद पुलिस ने कुंदन नामक छात्र सहित तीन छात्रों को हिरासत में लिया है। अंकित का मोबाइल भी कुंदन के पास से बरामद किया गया है। पीड़ित पिता ने दावे के साथ बताया कि अंकित की हत्या की गई है। उसके हत्यारे को हरहाल में सजा दिलाउंगा। इस मामले मे पुलिस का रवैया सही नहीं रहा तो उसके खिलाफ न्यायालय के शरण में जायेंगे।

# बच्चों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए बने सभी सरकारी ठांचो और इकाइयों को मजबूत करना होगा हामिद

**प्रमोद कुमार मेहसी,पू०च०।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संपोषित परियोजना चाइल्डलाइन सब सेंटर चकिया एवं कार्ड्स के संयुक्त तत्वाधान में रिसोर्स संस्थाओं के साथ एक बैठक सामाजिक शोध एवं विकास केंद्र मेहसी के परिसर में अमर जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक का संचालन कार्ड्स संस्था के नारायण कुमार मजूमदार ने किया । इस अवसर पर बिहार इंटर एजेंसी ग्रुप के संयोजक अमर ने कहा बाल श्रम और बाल विवाह को जड़ से मिटाने के लिए समुदाय , समाज और सरकार को मिलकर प्रयास करनी होगी। उन्होंने ने चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 के लगातार प्रयोग का आह्वान किया। इस बैठक में तुर्की और सीरिया में आई प्रलयंकारी भूकंप में मरने वाले लोगों के प्रति दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई , और पूरी दुनिया में शांति और खुशहाली की दुआएं मांगी गई। इस अवसर पर अमर ने कहा कि भारत सहित दुनिया के सभी देशों को सीरिया और तुर्की के विनाशकारी भूकंप त्रासदी से सबक लेते हुए अपने नागरिकों की जान माल की सुरक्षा हेतु विकास योजनाओं को प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर आगे बढ़ना चाहिए। इस बैठक में कार्ड्स संस्था के सचिव शशि प्रसाद ने कहा कि सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भारत के उद्देश्य चाइल्डलाइन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए काम करती है। यह चाइल्डलाइन केवल अकेले नहीं बल्कि समाज के हर तबके और संस्थाओं से मिलकर काम करती हैं। इस अवसर पर सेव द चिल्ड्रन के जिला समन्वयक हामिद रजा ने कहा कि बाल विवाह एवं बाल श्रम को रोकने के लिए शिक्षा पद्धति को मजबूत करना होगा और सभी बच्चों को स्कूल में ठहराव सुनिश्चित करना होगा, तभी हम बाल विवाह और बाल श्रम से मुक्ति पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए बने सभी सरकारी ठांचो और इकाइयों को मजबूत और जवाबदेह बनाना होगा तभी बच्चों के अधिकार की रक्षा हम कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रयास संस्था के विजय शर्मा ने कहा कि बच्चों का ट्रैफिकिंग बड़े पैमाने पर सीमावर्ती क्षेत्र में होता है उसको रोकने के लिए हमें जागरूक होना पड़ेगा साथ ही उन्होंने कहा कि आर्केस्ट्रा का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए क्योंकि उसमें काम करने वाली लड़कियां किसी गरीब और बेबस परिवार की होती है, और वे किसी न किसी परिवार की बेटियां होती हैं इसलिए इसका बहिष्कार करना जरूरी है।इस अवसर पर यतेंद्र पाण्डेय, कुमारी स्वर्णा, मौलाना खुर्शीद आलम, सोनी देवी, संजय कुमार सिंह , कमरुद्दीन, खुशबू कुमारी, रोशनी कुमारी सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे।



# मुख्यमंत्री समाधान यात्रा के अवसर पर कार्य प्रगति का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी

**प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**

जिलाधिकारी भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कोटवा प्रखंड के मच्छरगांवा पंचायत में दिनांक 15 फरवरी 2023 को संभावित मुख्यमंत्री समाधान यात्रा के अवसर पर कार्य प्रगति का जायजा लेने पहुंचे।समृद्ध बिहार समृद्ध गांव निर्माण हेतु बिहार लोहिया स्वच्छ मिशन द्वारा गोवर्धन योजनान्तर्गत गैस प्लांट निर्माण कार्य प्रगति, वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट निर्माण कार्य प्रगति , जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत तालाब का जीर्णोद्धार, मनरेगा के द्वारा वृक्षारोपण पुराने वृक्षों की सुरक्षा खेल मैदान छः बेड का उप स्वास्थ्य केंद्र हाट सेड निर्माण हेलीपैड सोलर लाइट नल जल आदि कार्य प्रगति हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , अनुमंडल पदाधिकारी सदर, निदेशक डीआरडीए, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक , जिला कृषि पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, माननीय मुखिया/ वार्ड पार्षद , प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के साथ-साथ गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे ।



# मृतक अनुग्रह अनुदान वितरण डीएम




**प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**

जिला आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वधान में डॉक्टर राधाकृष्ण भवन में मृतक अनुग्रह अनुदान वितरण शिविर में जिलाधिकारी द्वारा राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा अनुशंसित नाम एवं आवंटित राशि के आलोक में कोविड-19 में 16 मृतकों के आश्रितों के बीच प्रति लाभुक को 4 लाख 50 हजार रुपए( कुल राशि 64 लाख 80 हजार ) का भुगतान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि 1 सप्ताह के अंदर सभी आश्रितों के खाते में राशि आरटीजीएस के माध्यम से भेज दी जाएगी।इस अवसर पर प्रभारी जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थे ।

# सीमांचल के युवाओं की गुजरात के लिए एंबुलेंस की है मांग

**किशनगंज प्रतिनिधि** सीमांचल के युवाओं द्वारा इन दिनों केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से एंबुलेंस की मांग कर रहे हैं,मिली जानकारी अनुसार गुजरात के अहमदाबाद सूरत इत्यादि शहर में रह रहे सीमाचंल युवाओं साथ समाजसेवी शाह आलम ने बताया किशनगंज, पूर्णिया ,अररिया जिला लाखों से अधिक लोग प्रदेशों में अपना गुजर बसर करते हैं,और रोजी रोजगार कर अपना पेट तो भरता ही है साथ में अपने घर परिवार वालों का पालन पोषण प्रदेश की कमाई से ही करता,अगर किसी व्यक्ति को प्रदेश में रोजी रोजगार करने के क्रम में अचानक बिमारी और दुर्घटना से मौत हो जाती हैं या फिर अन्य किसी कारण वश मौत हो जाता है।उस व्यक्ति की डेट बोडी लाश को घर भेजने के लिए काफी परेशानीयों होती हैं और परेशानियों का समाना करना पड़ता है.।और तो और जिस व्यक्ति का घर द्वार मजबूत से है उस व्यक्ति की लाश घर तक तो पहुंचते ही हैं। और अगर कोई व्यक्ति घर द्वार से गरीब हैं और प्रदेश की कमाई से ही घर चलता है और उसका किसी कारण वश प्रदेश में ही मौत हो जाती उस व्यक्ति का लाश के लिए या तो चंनदा करना परता हैं अगर चंनदा रुपया पैसा नही होने से उस व्यक्ति का लाश को प्रदेश में मिट्टी एवं दफनाया जाता और इन्ही बातों को लेकर सीमाचंल के युवा लोग जो गुजरात में रहते हैं उन्हीं लोगों की मांग हैं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से सीमाचंल के जितने भी सांसद विधायक है गुजरात के लिए सरकार के पास एंबुलेंस मांग रखे जिस से सीमांचल लोगों का समस्या खत्म हो और जो भी व्यक्ति की गुजरात में मौत हो जाए उसका लाश घर तक पहुंच जाएं ,सीमाचंल के युवाओं ने गुजरात से अपने सांसद विधायक अन्य जनप्रतिनिधि से मांग को रखा है।एक एंबुलेंस गुजरात में दे,या नही तो सीमांचल के युवाओं रोजगार अपने बिहार के सीमाचंल में दे जिससे की प्रदेश में रोजगार के लिए नही आना परे ना जाना परे काफी खुशी का माहौल होगा राजनीतिक दलों से जुड़े हुए एंबुलेंस नहीं होना चाहिए और एंबुलेंस में कोई राजनीति का मामला ना हो जातिवाद छोड़कर सीमांचल के युवा समाजसेवी शाह आलम पार्टी के सभी बड़े-बड़े नेताओं से मिलकर यह ज्ञापन सौंपेंगे यह सभी जानकारी सीमांचल के सोशल मीडिया एक्टिव युवा शाह आलम ने जानकारी दिया



# गैस टैंकर की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार बच्चे की मौत




**प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०**

छतौनी थाना क्षेत्र सब्जी मंडी के एनएच 28 शर्मा होटल के नजदीक गैस टैंकर से मोटरसाइकिल सवार को लगी ठोकर, जिसमें एक बालक की मौत घटनास्थल पर हो गई है। मृतक के पिता अनिल पासवान हॉस्पिटल में भर्ती हैं।वही चालक पुलिस हिरासत में है। वहीं मृतक का नाम हंस राज उम्र 7 वर्ष पिता अनिल पासवान ग्राम सूरजपुर थाना पिपराकोठी बताया जा रहा है। वही गैस टैंकर का नंबर NL01L- 2892 है। जिसे छतौनी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं मृतक के चाचा सुनील पासवान बताया कि हमारे भाई ससुराल कटहा रघुनाथपुर से वापस घर सूरजपुर जा रहे थे की छतौनी चौक सब्जी मंडी के पास गैस टैंकर लापरवाही के कारण मोटरसाइकिल पर चढ़ा दिया और घटनास्थल पर हंसराज की मौत हो गई है। वही ड्राइवर पुलिस हिरासत में है।

# केविवि जमीन अधिग्रहण की समस्या को समाधान करे मुख्यमंत्री : जाप

**प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०**

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्थायी कैंपस निर्माण हेतु अधिशेष भूमि के अधिग्रहण की मांग अब जोड़ पकड़ने लगी है जन अधिकार छात्र परिषद द्वारा शहर के एक निजी होटल में प्रेस वार्ता कर मुख्यमंत्री के चम्पारण में होने वाली समाधान यात्रा से पूर्व जमीन अधिग्रहण समेत अन्य मांग किया , प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए जन अधिकार छात्र परिषद के तिरहुत प्रमंडल अध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ने कहा कि बापू के कर्मभूमि चम्पारण में बापू के नाम से स्थापित महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय अपनी स्थायी कैंपस हेतु बाट जोह रही हैं ,छात्र नेता श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान समय मे विश्वविद्यालय चार अलग अलग जगहों पर विश्वविद्यालय की अस्थायी कैम्पस किराये के मकान में संचालित हो रहे हैं, लाइब्रेरी कही हैं ,क्लास कही हैं अगर कोई प्रशासनिक कार्य हो गया तो दिनभर घूमते हुए बीत जाता हैं और अलग-अलग कैंपस होने से बेहतर शैक्षणिक माहौल नही बन पा रहा है , मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाधान यात्रा के तहत चम्पारण आ रहे हैं तो उनसे आग्रह हैं कि चम्पारण के छात्रों की सबसे बड़ी समस्या केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्थायी कैंपस हेतु जमीन अधिग्रहण के साथ -साथ बिहार विश्वविद्यालय के सेशन लेट की समस्या का समाधान करेंगे , जाप के छात्र नेता श्री सिंह ने कहा कि केविवि के जमीन अधिग्रहण को लेकर बीते दिनों मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था जिसको उन्होंने संज्ञान में लेते हुए पूर्वी चंपारण जिलाधिकारी और शिक्षा विभाग के सचिव को अग्रेतर करवाई हेतु भेजा है साथ ही जाप सुप्रिमो पप्पू यादव लागातर राज्य सरकार और सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से अविलम्ब भूमि अधिग्रहण को लेकर बातचीत कर रहे हैं , हमें बहुत खुशी हुई कि हमारे द्वारा जिस समस्या को लेकर आवाज उठाया गया उसमें चम्पारण के प्रबुद्ध लोगो का समर्थन मिल रहा है , वे लोग भी इस लड़ाई में मेरे साथ मजबूती से खड़े हैं और निश्चित तौर पर हमलोग मिलकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्थायी कैंपस हेतु जमीन अधिग्रहण करवाने ने सफल होंगे. प्रेस वार्ता में छात्र नेता पुन्नू सिंह, जन अधिकार छात्र परिषद के केविवि अध्यक्ष आकाश अस्थाना , छात्र नेता हम्माद जफर खान, केविवि उपाध्यक्ष रविशंकर कुमार मिश्रा, सचिव सह मीडिया प्रभारी राहुल कुमार ,आकाश कुमार आदि थे।



# जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार के प्रदेश सचिव जनाब अजमल अशरफी साहब सरदार पटेल



**दैनिक शुभ भास्कर भागलपुर / बिहार**

भवन कार्यालय मे आदरणीय श्री चैयतन्य प्रसाद महोदय अपर मुख्य सचिव गृह विभाग बिहार सरकार पटना से भागलपुर जिला के अन्तर्गत सबौर प्रखंड के लंबित कब्रिस्तान घेराबंदी कार्य के आदेश के सबंध मे मुलाकात किया। और कहा कि वर्तमान परिस्थिति मे इब्राहिमपुर कब्रिस्तान से सबंधित घेराबंदी कार्य का मामला कई वर्षो से गृह विभाग बिहार सरकार के निदेशानुसार प्रतिबन्धित की दिशा मे है। जिससे खुला कब्रिस्तान रहने के कारण भ- माफिया द्वारा कब्रिस्तान की जमीन को अधिग्रहण किया जा रहा है। मवेशीयो के साथ साथ आम ग्रामीणो के आवागमन का स्थान बन गया है जिससे कि इब्राहिमपुर कब्रिस्तान कि पवित्रता नष्ट होती जा रही है इस मामले को लेकर आपस मे तनाव की सभावना बनी रहती है। पत्र के आलोक मे अपर मुख्य सचिव गृह विभाग बिहार सरकार पटना ने आश्वासन दिया है कि इस संवेदनशील मामले को लेकर भागलपुर के जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक साहब से वातालाॅप कर सबंधित विभाग द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कि सुनिश्चित कि जायेगी।

# वर्चुअल माध्यम से हुआ राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव-2023 का आयोजन



**सत्येंद्र कुमार,बिहटा**

राज्य युवा संसद उत्सव 2023 अंतर्गत सोमवार को वर्चुअल माध्यम से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान मे भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य कार्यालय मे किया गया जिसमें तीन अलग अलग विषयों जों की (1) भविष्य मे कार्य का स्वरूप (2) जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम नियंत्रण (3)भारत मे महिलाओं की सुरक्षा ! पर युवाओं ने उद्बोधन दिया बिहार के सभी जिलों से दो-दो प्रतिभागियों को जिन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया था को यहाँ अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करना था 70 प्रतिभागियों के इस प्रतियोगिता मे पटना जिले के प्रखंड बिहटा के आदित्य राज ने पुरे बिहार मे अपना प्रथम स्थान प्राप्त किया परिणाम घोषणा के उपरांत नेहरू युवा केंद्र पटना के जिला कार्यालय मे जिला परियोजना पदाधिकारी( नमामि गंगे ) दीपेंद्र मणी ने मेडल व पुष्प देकर सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर RB INVESTMART #इनvestorलाभ के Co-Founderभास्कर सिंह राजपूत ने पौधा देकर सम्मानित किया वहीं आदित्य राज के पिता राजेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक बबलू कुमार, मिश्री लाल साह सभी ने सम्मानित किया।

# किशोर व भागीरथ योजना सलाहकार बने





लक्ष्मणगढ़।प्रस्तावित महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास समिति मे योजना सलाहकार के रूप में दो पदाधिकारी चुनें गये है।यह जानकारी देते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के संयोजक सज्जन कुमार सैनी ने बताया कि किशोर कुमार चुनवाल व भागीरथ मल चुनवाल योजना सलाहकार के पद के लिए चुनें गये है।उन्होंने बताया कि छात्रावास के निर्माण को मूर्त रूप देने व योजनाओं को अमली जामा पहनाने के लिए समिति की मीटिंग समाजसेवी व निर्माण समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी।उल्लेखनीय है कि छात्रावास निर्माण के लिए भामाशाह विनोद कुमार गौड ने अपनी बेशकीमती जमीन निःशुल्क प्रदान की है।


# रियल एस्टेट एवं सामाजिक कार्यो में बेहतर योगदान के लिए संजीव मिश्रा किए गए सम्मानित

**पूर्णियां /छातापुर ।** जिला सुपौल अन्तर्गत छातापुर प्रखंड मुख्यालय के रामपुर निवासी पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा को बीते सोमवार को पूर्णियां बायपास स्थित पनोरमा सिटी में देश के चर्चित सिख समुदाय से ताल्लुकात रखने वाले गुरू सुखवंत सिंह जी नें अपने हाथों से उन्हें सम्मानित किया ।बता दें कि गुरू सुखवंत सिंह जी फिलहाल फिल्म निर्माण उद्योग के एक प्रौजेक्ट में हैं और पिछले सात सालों से अपने तन मन धन से विश्व के जो भी लोकप्रिय पार्श्व गायक हैं उनसबों को एक साथ एक मंच पर लाकर पद्म श्री से लेकर और भी कई विभिन्न आवार्डो से सम्मानित करवाने का कार्य करते हैं।इसी कड़ी में रियल एस्टेट के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में भी बेहतर प्रदर्शन ,शिक्षा,स्वास्थ्य, बाढ़,कोरोना काल में रोजगार से लेकर शादी,श्राद्ध,ग्रामीण सडक, अग्निकांड आदि में बेहतर कार्य करने के लिए बाबा सुखवंत सिंह ने उन्हें मोमेंटो देकर के सम्मानित करते हुए कहां की संजीव मिश्रा जी से आज के युवा वर्ग के लोगो को प्रेरणा लेनी चाहिए।इस मौके पर वरीय समाजसेवी संजीव बाबू नें बताया की मेरे भाई जैसा परम मित्र सूरज सिंह नालवा जी का दिल से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद देता हूं कि जिन्होने सुखवंत सिंह जी को पूर्णियां लाए।उन्हौनें गुरू जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घ जीवन की कामना कामना भी प्रभु से किया ।इस अवसर पर पनोरमा परिवार के अलावा फ्रेंड्स ऑफ संजीव के कोर कमेटी के विंग उपस्थित रहे ।



# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गोदभराई दिवस का हुआ आयोजन

**कटिहार,** जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेविकाओं द्वारा नई गर्भवती महिलाओं को पोषण व टीकाकरण सम्बंधित जानकारी देते हुए गोदभराई दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र में गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य के लिए सन्तुलित खान पान व टीकाकरण की विशेष जानकारी दी गई। समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) द्वारा महिलाओं को गर्भावस्था के समय बेहतर खानपान और टीकाकरण सम्बंधित जानकारी देने के लिए प्रत्येक महीने के 7 तारीख को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का आयोजन करवाया जाता है जिसमें 7 से 9 महीने की गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उन्हें सेविकाओं द्वारा आवश्यक जानकारी दी जाती है। आईसीडीएस कटिहार की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी किशलय शर्मा ने बताया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गोदभराई दिवस का आयोजन कर सेविकाओं द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को उनके खान पान की जानकारी दी गयी। उन्हें पौष्टिक आहार व होने वाले शिशु के स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के आहार में प्रोटीन, विटामिन, काबोर्हाइड्रेट के साथ वसा की भी मात्रा होना जरूरी है। उन्हें हरी साग-सब्जी, सतरंगी फल, दाल, सूखे मेवे एवं दूध का सेवन विभिन्न पोषक तत्वों की आपूर्ति के लिए जरूरी बताया जाता है। केंद्र में गर्भवती महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से मिलने वाले लाभों की भी जानकारी दी जाती है गोदभराई कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं व शिशु को लगने वाले टीके की महत्ता पर भी चर्चा की गई। पोषण अभियान के जिला समन्वयक अनमोल गुप्ता ने कहा कि गर्भवती महिला को पहली बार गर्भ धारण करने पर आंगनबाड़ी केंद्र पर टीके लगवाने चाहिए। जन्म के बाद शिशु का सम्पूर्ण टीकाकरण कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को गर्भावस्था में 4 प्रसव पूर्व जांच करवाने एवं टीकाकरण कार्ड को संभाल कर रखने की सलाह दी गई। टीकाकरण कब और क्यों करवाया जाता है, गोदभराई दिवस पर महिलाओं को विस्तार से इसकी जानकारी दी गई।



# कोढा एवं बरारी के अल्पकालिक विस्तारको की बैठक संपन्न

कटिहार। कोढा एवं बरारी विधानसभा के अल्पकालीन विस्तारक की एक बैठक की जिला उपाध्यक्ष विधानसभा प्रभारी बबन कुमार झा की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें मुख्य रुप से कोढा विधायक कविता देवी बरारी के पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी, भाजपा जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, बरारी विधानसभा के प्रभारी महामंत्री वीरेंद्र यादव, महामंत्री राम नाथ पांडे, कोढा विधानसभा के संयोजक संजय पटेल मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से विस्तार को को 10, 11,12 को जिस पंचायत के जिसको विस्तारक बनाया गया है। उस पंचायत में जाकर बूथ समिति को सशक्त करना है एवं पन्ना प्रमुखों की जहां नियुक्ति नहीं हो पाई है। उसको पूर्ण करना है। इसके साथ-साथ सरल ऐप एवं मन की बात सभी कार्यकताओं को के मोबाइल पर डाउन लोड करवाना है। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा विस्तारक कौशलेंद्र जी, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री गौरव पासवान मंडल अध्यक्ष डोमन चौधरी, मिथिलेश सिंह, गौतम महतो सुदर्शन पाल, सोमेंद्र राय आदि शामिल थे।



# कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पहुंचे मनिहारी -जागरण व यज्ञ में लिया हिस्सा

**कटिहार।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कटिहार दौरे पर हैं। इसी क्रम में वे मनिहारी पहुंचे जहां माघी पूर्णिमा को लेकर गंगा नदी किनारे आयोजित जागरण व यज्ञ में उन्होंने हिस्सा लिया। इस दौरान मनिहारी के मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखो यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर का अभिनंदन एवं स्वागत किया। मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर ने आयोजनकर्ता को जहां इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दिया, वहीं ग्रामीणों को माघी पूर्णिमा की बधाई भी दिया। उन्होंने कहा कि मनिहारी गंगा नदी पर माघी पूर्णिमा के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा नदी में डुबकी लगाने आते हैं। गंगा नदी से दूर-दूर तक के लोगों की काफी श्रद्धा जुड़ी हुई हैं। इस तरह के आयोजन से स्थानीय ग्रामीणों से लेकर दूर-दूर तक के श्रद्धालुओं में काफी उल्लास होता है। उन्होंने मनिहारी गंगा तट पर मात्र ₹15 में श्रद्धालुओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शाकाहारी भोजन की व्यवस्था का भी काफी सराहना किया साथ ही उन्होंने कहा कि मनिहारी के मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव की ओर से मेले को राजकीय मेला घोषित करने की मांग की गई है जिसको लेकर हर संभव प्रयास किया जाएगा कि मनिहारी के माघी पूर्णिमा मेला को राजकीय मेला का दर्जा दिया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से मनिहारी से कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह,कांग्रेस के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सुनील कुमार यादव, मनिहारी मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव, नलिन सिन्हा, राजेंद्र पासवान आनंद कुमार, तोफेज, संजय सिंह, बीके ठाकुर, ऐनुल अंसारी, मोहम्मद लाल, चंद्रभानु गुप्ता, चंदन मंडल, सऊद मुखिया, सिकंदर मंडल सहित बड़ी संख्या में महागठबंधन से जुड़े नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा ग्रामीण भी मौजूद रहे।



मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## काठमिल और कैराछातर में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल स्तरीय बैठक किया गया

**शुभ भास्कर रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ जिला के महेशपुर प्रखंड में भाजपा युवा मोर्चा, झारखंड प्रदेश के निदेर्शानुसार महेशपुर विधानसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत महेशपुर के काठमिल और कैराछातर में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल स्तरीय बैठक किया गया,इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप भाजपा युवा मोर्चा के संथाल परगना प्रभारी व कार्यक्रम प्रभारी सौरव कश्यप उपस्थित थे। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य है और राष्ट्र निर्माण में उनका भूमिका अहम है। भाजयुमो के सभी कार्यकर्ता अपने फेसबुक और ट्विटर आईडी एवं ब्लड ग्रुप का सूचि समर्पित करना है । केन्द्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का गांव गांव में प्रचार प्रसार करना है और जरूरतमंद लोगों को लाभ दिलाना है। राज्य की हेमंत सरकार का कारनामा को जन जन पदार्फाश करना है, आने 2024 में केन्द्र में फिर से मोदी सरकार बनाना है। भाजयुमो



जिलाध्यक्ष जयसेन बेसरा ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना है इसके लिए वन बूथ टेन युथ के त पर बूथ गठित करना है। इस अवसर मंडल अध्यक्ष साधन ठाकुर, मंडल अध्यक्ष मोजेश टुडू, जिला मंत्री नरेन साह, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री जुनास टुडू, भाजयुमो जिला महामंत्री पृथ्वीराज चौहान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मदन पहाड़िया, अमित दास, महामंत्री निरंजन भगत, राजेन्द्र हेम्ब्रम, सोशल मीडिया प्रभारी मनोज देहरी, कोर कमेटी सदस्य रतन साह, लालू दे, विनोद साह, महेश सोरेन आदि उपस्थित थे।

## 2022-23 के योजनाओं का एग्रीमेंन्ट नहीं होने से नाराज प्रखण्ड प्रमुख

**शुभ भास्कर रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ सदर के प्रखंड प्रमुख चंदना माल पहाड़िया समेत पाकुड़ प्रखंड के पंचायत समिति हैदर अली, असारूद्दीन शेख,सफीरूद्दीन शेख,गयासुद्दीन शेख ने वित्त वर्ष 2022-23 में लिए गये योजनाओं का एग्रीमेंन्ट नहीं होने पर मुख्य मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री के नाम उपायुक्त को दिया ज्ञापन । सदर प्रखण्ड के पंचायत समिति सदस्यों को पंचायती राज कार्यालय से 15वें वित्त आयोग के तहत पंचायत समिति फंड की दी गई राशि को खर्च करने का आग्रह किया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पाकुड़ के आदेशनुसार प्रखण्ड के सभी पंचायत वार योजना लिया गय। कनीय अभियंता द्वारा योजना का जॉच किया गया कनीय अभियंता द्वारा जाँच रिर्पोट पाकुड़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को देने के बाद सभी योजना वार लाभूक समिति एवं निगरानी समिति का ग्राम सभा वार



और भुमि प्रतिवेदन के साथ अभिलेख तैयार कर पाकुड़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को एग्रीमेन्ट के लिए दिया गया, वीडीओ के द्वारा बिना एग्रीमेन्ट किये काम को चालु करने को कहा जाता है और 15% से 18% पीसी हमे देना होगा तब रेर्काड में हम हस्ताक्षर करेंगें। जिले के दुसरे प्रखण्ड में पंचायत समिति फंड को दी गई राशि से काम हो रहा है। सिर्फ सदर प्रखण्ड पाकुड़ में ही कार्य नही हो रहा है। पंचायत समिति सदस्यों ने संबंधित अधिकारी एवं वीडीओ से कार्य चालु करने का आग्रह कर झारखण्ड मुख्य सचिव, डीडीसी, एसडीओ, पंचायती राज पदाधिकारी पाकुड़ उप प्रमुख हैदर अली ने कहा अगर विभाग फंड का कार्य चालु नही करता है तो वाध्या होकर सभी पंचायत समिति सदस्य अपने कार्य को चालु कराने के लिए प्रखंड कार्यालय में धरना देने को मजबूर होंगे।

## 3 सूत्रीय मांग को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी को भाजपा ने सौंपा ज्ञापन

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़/ प्रखंड के अंतर्गत उदयनारायणपुर पंचायत के रहमतपुर बगान के निकट अवस्थित सद्भावना और आस्था का केंद्र कालिदाहा तालाब के समीप यात्री शेड,सिढी-सह-घाट, स्नानागार, वस्त्र स्नानागार, वस्त्र बदलने का कमरा निर्माण के संबंध में एक ज्ञापन पाकुड़ के उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद पाकुड़ शाहिद अख्तर को भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय के नेतृत्व में तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा ।प्रतिनिधिमंडल में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिकेत गोस्वामी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सादेकुल आलम,



गुलाम अम्बिका, जियाउल शेख आदि मौजूद थे ।विकास आयुक्त को सम्बोधित अपने पत्र में श्री राय ने कहा है कि उदयनारायणपुर पंचायत के अंतर्गत ताल कालिदाहा तालाब एक देवीक तालाब है ।जिसमें दूर दूर से आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुजन आते हैं। मान्यता है कि इस तालाब में स्नान-ध्यान करने के उपरांत उनके सारी कष्टों का निवारण होता है तथा आसपास के पंचायतों के सनातनी संस्कृति के लोग अपने सारे कार्य का श्राद्ध कर्म, पूजा पाठ,मूर्ति विसर्जन आदि विभिन्न धार्मिक कार्यों के लिए लोग तालाब का उपयोग करते हैं ।यहां यह जानकारी देना भी आवश्यक है तालाब में स्नान-ध्यान करने से घाव-घोष, चर्मरोग इत्यादि भी दूर होते हैं। इसके कारण इस तालाब में श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं एवं बच्चों का आगमन होता रहता है एवं वर्षा,गर्मी के दिनों में आगंतुक श्रद्धालुओं का स्थान-ध्यान करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः उक्त स्थल पर सिढी-सह- घाट का निर्माण, यात्री सेड का निर्माण और स्नानागार एवं वस्त्र बदलने का कमर निर्माण की मांग भाजपा के द्वारा किया गया है।

## जनवितरण दुकानदारों ने मिलकर किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया में फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन झारखंड प्रदेश कमेटी के अहवाह्न पर विभिन्न मांगों को लेकर पाकुड़िया प्रखंड के सभी जनवितरण दुकानदार एकजुट होकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर तीन दिनों के लिए हड़ताल पर चले गए, मौके पर धरना की अध्यक्षता कर रहे फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष बेंजामिन हेंब्रम,सचिव अशोक हलवाई एवं कोषाध्यक्ष अचित कुमार दास सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण के दुकानदारों ने धरना प्रदर्शन किया। जनवितरण दुकानदारों ने 60 वर्ष उम्र के बाद मृत डीलर के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर डीलर अनुज्ञप्ति देने, ई पॉश मशीन के बजाय पूर्व की तरह



पंजी द्वारा राशन वितरण व्यवस्था परिवर्तन करने, पी. एम .जी. के .वाई योजना का खाद्यान्न वितरण का 10 माह का बकाया कमीशन अविलंब भुगतान करने,जनवितरण दुकानदारों का मानदेय 30 हजार रूपया प्रति माह सुनिश्चित करने सहित अन्य कई मांगे रखी गई, प्रदर्शन के दौरान जनवितरण दुकानदारों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर सरकार के नीतियों के खिलाफ विरोध जताया।

## बिजली की महंगी उपकरण की चोरी करते हुए दो चोरों को धर दबोचा



**शुभ भास्कर रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ जिले के उपायुक्त आवास के निकट विद्युत वितरण कार्यालय के गोदाम में मंगलवार को गृह रक्षा वाहिनी के दो जवान ने दो चोर को धर दबोचा बिजली विभाग में तैनात गृह रक्षा वाहिनी के दो जवान अभिजीत कुमार चौरसिया और सुजीत कुमार पांडे बिजली कार्यालय की गोडाउन में दो चोरों को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ लिया जब बिजली कर्मचारी गोडाउन में गए तो देखा कि खिड़की टूटी हुई है जाली कटे हुए हैं दरवाजा टूटे हुए हैं वहां से चोरों ने अंदर प्रवेश कर बिजली की महंगी मशीन के उपकरण व अन्य सामान चुराकर ले जा रहे रंगे हाथों दो चोरों को चोरी करते धर दबोचा जिनके पास से चोरी का सामान और चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार बरामद हुए पूछताछ करने के बाद चोरों को पाकुड़ नगर पुलिस को सौंप दिया। आरोपितों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## फुटबॉल टूनार्मेंट फाइनल मैच का उद्घाटन राजमहल के प्रभारी बाबूधन मुर्मू ने किया



**शुभ भास्कर जिला ब्यूरो अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ जिले के महेशपुर के जाजपुर पंचायत में बी बी सी क्लब द्वारा पत्थरघट्टा में आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच का उद्घाटन समारोह मैं पाकुड़ के पूर्व जिप अध्यक्ष सह राजमहल प्रभारी बाबूधन मुर्मू एवं महेशपुर के पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन ने किया, इसमें महेशपुर मंडल के अध्यक्ष साधन ठाकुर , पंचायत समिति सदस्य सुखेन घोष, जाजपुर के मुखिया रोजमेरी मुर्मू सहित क्लब के पदाधिकारीगण मौजूद रहे, फाइनल मैच ऐफ डाटइ वेरियस एम एन एस महेशपुर के बिच खेला गया बाबूधन मुर्मु ने बारी बारी से खिलाड़ियों से परिचय किये और फुटबॉल को किक मार कर मैच का सुभारम्भ किया. बाबूधन मुर्मू खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मोदी सरकार के आदिवासीओ के सम्पूर्ण विकाश एवं खिलाड़ियों के विकाश के लिए खेलो इंडिया योजना, फिट इंडिया योजना के साथ साथ विभिन्न योजनाओ का जानकारी दिया । मुर्मु ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय बजट 2023 के जनहित के योजनाओ पर विस्तृत जानकारी दिए और बीते दिन हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह के संथाल दौरे के बातो को ग्रामीणों के साथ साझा किया।

## पोक्सो एक्ट के तहत लिट्टीपाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल**

पाकुड़/लिट्टीपाड़ा प्रखंड में पोक्सो एक्ट के तहत साहिबगंज जिले के रांगा थाना क्षेत्र के सहरी गांव निवासी अजय हेंब्रम,पिता खुदु हेंब्रम को लिट्टीपाड़ा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि अजय हेंब्रम ने दिसम्बर 2021 को लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के करियोडीह के एक नाबालिक युवती से जबरन अवैध संबंध किया था। ततपश्चात युवती ने लिट्टीपाड़ा थाने में मामला



दर्ज कराई थी। तबसे पुलिस पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही थी। पर सफलता मंगलवार रात्रि मिली। थाना प्रभारी ने बताया अजय हेंब्रम को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## रविंद्र भवन में कला दल के चयन को लेकर ऑडिशन का हुआ आयोजन

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड शहर के रविंद्र भवन, टाउन हॉल में जिला जनसंपर्क विभाग की ओर से सांस्कृतिक कलादलों का चयन को लेकर मंगलवार को ऑडिशन का आयोजन किया गया। ऑडिशन का उद्घाटन अपर समाहर्ता सह चयन दल की अध्यक्ष मंजू रानी स्वासी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने ऑडिशन का उद्देश्य, सरकार के गाइडलाइन से कलादल के कलाकारों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कलादल के प्रदर्शन के आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा और समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए नंबर के अनुसार कलादल को ए, बी, सी ग्रेड दिया जाएगा मौके पर जिला कल्याण



पदाधिकारी विजन उरांव, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार, देवराज चटर्जी, ऋषि राज चटर्जी, ललित मंडल, जिला जनसंपर्क कार्यालय के इकाई लिपिक राजेश कुमार, दीपाली साह, भूषण कुमार, प्रीतम कुमार समेत चयन समिति के सदस्य मौजूद थे। मौके पर कई कलादल के कलाकारों के द्वारा ऑडिशन दिया गया।

## डीएसपी बैधनाथ प्रसाद ने थाना का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल**

पाकुड़ जिला के लिट्टीपाड़ा प्रखंड में डीएसपी बैधनाथ प्रसाद ने मगंलवार को आह्तु थाना का निरीक्षण कर थाना प्रभारी संतोष कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने डायरी, लंबित केस सहित अन्य मामलों की बारीकी से जांच किया। पेंडिंग केस पर 15दिनों के अंदर निष्पादन का निर्देश थाना प्रभारी को दिया। साथ ही कहा आह्तू थाना का उद्देश्य मानव तस्करी को रोकना।। उन्होंने थाना प्रभारी को कहा अगर कोई व्यक्ति थाना क्षेत्र के बहुल आदिवासी, आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को बहला फुसला



कर काम दिलाने के बहाने अन्य प्रदेष ले जाता है वैसे व्यक्ति को चिन्हित कर कानूनी कारवाई का निर्देश दिया साथ ही कहा ग्राम प्रधान के साथ गांव जाकर बैठक कर ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर थाना प्रभारी संतोष कुमार, एसआई मिथुन कुमार, एएसआई सुरेश प्रसाद सहित पुलिस के जवान उपस्थित थे।

## लूट के रुपया के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०**

छौडादानों थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है जहां पुलिस अधीक्षक कान्तेश कुमार मिश्र ने बताया कि 06.02.2023 को सूचना प्राप्त हुआ कि छौडादानों थाना अंतर्गत बेलागडहन मोड के पास तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा भय दिखाकर एक व्यवसायी से 12 लाख रूपया लूट लिया गया। सूचना प्राप्त होते ही सहायक पुलिस अधीक्षक रक्सौल के नेतृत्व में घटना का सत्यापन एवं अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन में किया गया। गठीत टीम द्वारा घटना स्थल पर जाकर घटना का सत्यापन एवं वादी से घटना के संदर्भ में पुछ-ताछ किया गया।गहन पुछ-ताछ से प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी के स्टाफ श्याम विनोद कुमार द्वारा अपने मित्र जुगुन कुमार के साथ मिलकर रूपया को गबन करने के उदेश्य लूट की घटना का साजिश रचा गया था। वही टीम द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए 12 घंटा के अंदर गबन किये गये रुपए के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार



अपराधियों द्वारा बताया गया कि हमलोगो द्वारा पैसा को गबन करने के उदेश्य से लूट कि घटना का साजिश रचा गया था।उक्त अपराधियों कि गिरफ्तारी से इस घटना का सफल उदभेदन किया गया।वही गिरफ्तार व्यक्ति का श्याम विनोद कुमार, पे०- मोहन साह, सा० - जनता चौक, थाना- छौडादानो जुगुल कुमार, पे०- हीरालाल साह, सा० - जनता चौक, थाना- छौडादानो उपेन्द्र राय, पे०-स्व० चनरदेव राय, सा०-बडा कटहरिया, थाना- छौडादानो को गिरफ्तार किया गया है। वही गिरफ्तार अपराधी के पास व्यवसायी से लूटा हुआ 12 लाख रूपया लूटा हुआ एक मोटरसाईकिल बरामद की गई है वही इस टीम में शामिल चंद्र प्रकाश (भा0पु0से0), सहायक पुलिस अधीक्षक रक्सौल पु०अ०नि० ध्रुव नारायण थानाध्यक्ष छौडादानो सिपाही 1361 पिन्टु कुमार- छौडादानो थाना सिपाही 568 रूपेश कुमार- छौडादानो थाना सिपाही 569 अजय कुमार- छौडादानो थाना सिपाही 571 अभिषेक कुमार छौडादानो थाना सिपाही 573 मनोज कुमार- छौडादानो थाना मौजूद थे।

## उपयुक्त ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड उपायुक्त वरुण रंजन ने मंगलवार को मध्य विद्यालय तारापुर एवं लिट्टीपाड़ा प्रखंड स्थित रांगा मध्य विद्यालय, छोटा मुरझोरा मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने वहां मौजूद प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष आनंद को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिलेबस के आधार पर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। कोई भी क्लास छुटे नहीं इसका ख्याल अवश्य रखें। प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के चहारदीवारी की कमी का मुद्दा उठाया इस पर पहल करने की बात कही। प्रधानाध्यापक ने डीसी से ये भी कहा कि कुछ शिक्षकों को बीएलओ मीटिंग में जाना पड़ता है जिससे पढ़ाई बाधित होती है, इस पर उपायुक्त ने साफ कहा कि सभी जगह ये निर्देश दिया गया है कि बीएलओ की मीटिंग विद्यालय अवधि के बाद होंगे। मौके पर डीएसई मुकुल राज मौजूद थे।

## पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर बैठक किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार** पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड में पुलिस अधीक्षक पाकुड़ के निदेर्शानुसार राजदहा एवं गयाबाथन गांव में मंगलवार को पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर थाना प्रभारी अभिषेक राय एवं एएसआई गोविंद प्रसाद ने ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया, इस बैठक में थाना प्रभारी अभिषेक राय ने ग्रामीणों को कई तरह की जानकारियां दी, उन्होंने लोगों को बाल विवाह , बाल श्रम , फर्जी निकासी एवं कई अन्य तरह की जानकारी एवं ऐसे लोगों से सावधान रहने की सलाह दी, पुलिस पब्लिक



के बीच की दूरी कम करने एवं अच्छा संबंध बनाने को लेकर जानकारी दी । उन्होंने लोगों से कहा कि अफवाहों से बचें और किसी भी तरह की घटना दुर्घटना हो या फिर किसी तरह की अन्य बात हो तो तुरंत हमे जानकारी दें ताकि लोगों को हमारी ओर से मदद मिल सके । मौके पर पंचायत के मुखिया गांव के सरदार सहित कई सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## गिट्टी लदा ट्रक को जब्त कर स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया

**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल**

पाकुड़/लिट्टीपाड़ा प्रखंड में डीटीओ संतोष कुमार गर्ग ने सोमवार देर रात जांच आभियान चलाकर धरम पुर मोड़ के समीप एक गिट्टी लदा ट्रक को जब्त कर स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या बीआर 11जीसी 2496हिरणपुर थाना क्षेत्र से गिट्टी लादकर गोड्डा की ओर जा रहा था, धरमपुर मोड़ के समीप डीटीओ ने ट्रक को रोककर चालक से कागजात की मांग किया, परंतु चालक द्वारा गाड़ी से सबंधित सभी कागजात नहीं



दिखाने के कारण डीटीओ गर्ग ने जब्त कर स्थानीय थाना के हवाले कर दिया। डीटीओ गर्ग ने बताया कि कागजात के अभाव में ट्रक को जब्त किया है आगे फाइन के पश्चात छोड़ा जाएगा।

## सड़क हादसे में महेशपुर के सिलमपुर निवासी ड्राईवर खलासी का मौत , गांव में छाया मातम



**शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/महेशपुर थाना क्षेत्र के सिलमपुर गांव निवासी ड्राइवर सारीबुल शैख और खलासी सूरत शेख हाइवा लेकर पाकुड़ से आमड़ापाड़ा जाने के क्रम में वनपोखयिया के पास खडी हाईवा को पिछे से जोरदार धक्का मार देने से हाइवा ड्राईवर सारीबुल शेख का मौके पर ही मौत हो गया ।जबकी खलासी खलासी सूरत शेख का अस्पताल ले जाने के बाद मौत हुई ।हादसा इतनी भीषण थी कि हाइवा के प्रडखच्चे उड गया, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भैज कर आगे की कार्रवाई कर रही है उधर मृत्तक के गाःव सिलमपुर में मातम छाया हुआ है।

## वन पोखरिया में कोयला लोड डंपर दुर्घटनाग्रस्त चालक खलासी की हुई मौत



**शुभ भास्कर रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ जिले के अमडापाड़ा पैनम लिंक रोड डीबीएल कंपनी का कोयला लोड हाईवा पाकुड़ लोटा मारा कोयला साइडिंग आने के क्रम में हिरणपुर थाना क्षेत्र के वन पोखरिया के समीप कोयला लोड हाइवा के दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक व खलासी की मौत हो गई। इसी दौरान मंगलवार की सुबह हिरणपुर थाना क्षेत्र के वन पोखरिया के समीप पहले से सड़क पर कोयला लोड खड़ा हाइवा को पीछे से भीषण टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोर की थी कि तेज रफ्तार से आ रहे हाइवा के चालक का केबिन का परखच्चा उड़ गया। इस घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मलवे के बीच फंसे खलासी को काफी प्रयास के बाद बाहर निकाला गया और गंभीर रूप से घायल खलासी को प्राथमिकी इलाज के लिए सोना जोड़ी सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया ड्राइवर का नाम 25 वर्षीय आरसाद अंसारी खलासी 28 वर्षीय सारीबुल शेख दोनों मृतक महेशपुर थाना क्षेत्र के सीलमपुर गांव का रहने वाला है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## जेएसएलपीएस के महिला समूहों के दीदियों का छह दिवसीय कार्यक्रम प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया



**शुभ भास्कर रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ सदर प्रखंड परिसर स्थित एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पाकुड़ द्वारा जेएसएलपीएस के महिला समूहों के दीदियों का छह दिवसीय साधारण उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन संस्थान के निदेशक कृष्णा दास और वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्द्धन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।इस अवसर पर प्रशिक्षुओ को संबोधित करते हुए कृष्णा दास ने शुभकामनाए दी। उन्होंने स्वरोजगार के महत्त्व को बताए। अमित कुमार बर्धन ने कहा कि आरसेटी पाकुड़ द्वारा साधारण उद्यमिता विकास पर प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं, ताकि जिले के बेरोजगार युवा आत्मनिर्भर बन कर स्वयं को सशक्तिकरण के पथ पर अग्रसारित करें। इस कार्यक्रम में स्वरोजगार के महत्त्व, बाजार अनुसंधान, विपणन बीमा,बैंकिंग, परियोजना रिपोर्ट सरकार के विभिन्न योजनाऐं आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाएगी। आरसेटी पाकुड़ के द्वारा विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण संचालित किए जाते हैं जिसमें जिले के बेरोजगार युवा शामिल हो कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस अवसर पर आरसेटी पाकुड़ के संकाय वापी दास, कार्यालय सहायक शिबू कुनाई व अन्य लोग उपस्थित थे।

## आमसभा कर पालाजोरी आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका चुमकी दास का हुआ चयन



**दैनिक शुभ भास्कर कुंडहित(जामताड़ा)**

प्रखंड के पालाजोरी पंचायत अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी सहायिका चयन को लेकर पालाजोरी मुखिया गीता पहाडियां की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्रीमान मरांडी ने चयन प्रक्रिया को लेकर सहायिका पद के 8 लाभार्थी चुमकी दास, बिजली रुई दास, रिया बागती, निशा रजक, वंदना बागती, झुमा राय, चंपा रजक, प्रिया बागती के नाम को पढ़कर सुनाया। साथ ही सभा में उपस्थित लोगों को चयन प्रक्रिया के मार्गदर्शिका को भी पढ़कर सुनाया गया। ग्राम सभा में अधिक प्राप्तांक के आधार पर चुमकी दास का सहायिका पद हेतु चयन किया गया। शांतिपूर्ण ढंग से चयन के उपरांत चयनित चुमकी दास को प्रमाण पत्र देकर सभा का समापन किया गया। मौके पर पर्यवेक्षिका एस्थेर रानी हैम्ब्रम, गीता देवी, प्रधानाध्यापक घनश्याम गोराई के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## परिवहन विभाग को ठेंगा दिखाने वाले टेंपो हुआ दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचे ननिहाल, मिशन स्कूल जा रहे एक टेम्पो मे 22 बच्चे थे सवार

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार की रिपोर्ट करमाटांड़ (जामताड़ा)**



करमाटांड़ स्थित सेवन डे अकादमी (एसडीए मिशन) हाई स्कूल मिशन ले जा रहे 22 बच्चो से लदा टेम्पु असंतुलित होकर करमाटांड़ करों मुख्य सड़क के पैट्रोल पम्प के समीप पलट गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी लोगों को सुरक्षित निकाला गया। आनन-फानन में सभी लोगों को स्थानीय निजी अस्पताल सिंह मेडिकल एवं मंडल मेडिकल हॉल में लोगों की मदद से इलाज कराया गया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक बच्चे को छोटे लगी है जिसमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं घायलों में कक्षा 5 के तोहीर अंसारी का हाथ चोटिल है डॉक्टर के मुताबिक उनकी बांया हाथ की हसली की हड्डी टूट चुकी है जबकि कक्षा 7 के राजू कुमार मंडल को हाथ एवं पैर में दोनों में चोट लगी है। जिसमें पैर एवं हाथ दोनों टूटने की बात बताई जा रही है। इसके साथ ही सृष्टि कुमारी,साधिका, एयेसा, सायस्ता प्रवीण समेत कई लोगों को हल्की चोटें आई है घटना की खबर आग की तरह फैलते ही परिजन दौड़ते हुए घटना स्थल पर पहुंचे। परिजनों के पहुंचने से पूर्व ही सभी घायलों का स्थान लोगों की मदद से इलाज करा दिया गया था। पेट्रोल पंप पार करने के बाद अचानक कुत्ता दौड़ते देख टैंपू असंतुलित होकर गड्ढे में जाकर पलट गई। घटना की खबर सुनते ही विद्यालय प्रबंधक के सभी लोग घटनासल पर पहुंच कर बच्चों को सुरक्षित ले जाने के लिए निजी वाहनों का उपयोग करते हुए परिजनों को सौंपा एवं बच्चों को स्वस्थ होने तक आराम करने की बात होगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जोबेल टुडू ने बताया कि छात्रों के अभिभावकों के द्वारा निजी वाहन किया गया है अगर वाहनों में बच्चों की संख्या अधिक है तो इस पर अभिभावकों को विशेष रुप से ध्यान देना चाहिए।जिससे कभी भी भविष्य में बड़ी दुर्घटना ना घटित हो विद्यालय प्रबंधन भी इस बात को लेकर आगे से ध्यान देगी।

## लंबित पड़े आवास निर्माण कार्य को हर हाल में जल्द से जल्द पूरा करें - बी डी ओ श्रीमान मराण्डी

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**



मंगलवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में मनरेगा, 15वें वित्त एवं पीएम आवास को लेकर समीक्षात्मक बैठक बीडीओ श्रीमान मरांडी के अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान मनरेगा की समीक्षा करते हुए उपस्थित बीपीओ मुखिया एवं पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान समय में सिंचाई कूप के लिए जब तक जिला से आदेश नहीं मिलता है अभीलेख नहीं लिया जाएगा। वही पूर्व से सैक्शन किए हुए सिंचाई कुप की प्रगति पर चर्चा किया गया। कहां की सामग्री मद में समय पर भुगतान नहीं होने के कारण अभी भी कुंडहित प्रखंड में बहुत सिंचाई कूप का सामग्री मद में पैसा नहीं मिल पाया है। ऐसी परिस्थिति में जब तक जिला से निर्देश नहीं मिलता है सिंचाई कूप के लिए अभिलेख नहीं लिया जाएगा। उन्होंने योजनाओ में अधिक से अधिक मजदुरों को जोड़ने का भी निर्देश दिया गया। जिन मजदूरों का आधार सिडिंग नही हुआ है। उसे जल्द से जल्द आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया गया। कहा की योजना में जब तक बोर्ड निर्माण ना हो तब तक योजना चालू ना करें । वही रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन को खत्म करने का निर्देश दिया गया। पंचायत ज्ञान केंद्र का जिले से प्राप्त राशि बैंक खाता में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान बीडीओ श्री मरांडी ने पंचायतवार पीएम आवास की समीक्षा की। जिसमें अधूरे पीएम आवास निर्माण कार्य का जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही 2016 से 2021तक के लंबित पड़े आवास निर्माण कार्य को हर हाल में जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। 15वें वित्त आयोग की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने सभी पंचायतों में बचे हुए राशि को खर्च करने का निर्देश दिया।मौके पर बीडीओ के अलावे बीपीओ प्रदीप टोप्पो, मनरेगा लेखापाल रंजित मरांडी, प्रभारी बीपीआरओ प्रफुल्ल माजी, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, सभी पंचायतों के मुखिया,15 वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक अनुप मंडल , प्रधानमंत्री आवास के प्रखंड समन्वयक आशुतोष कुमार उपस्थित थे।

## अनुबंधित पारा चिकित्सक कर्मी के लगातार 23वे दिन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गेट के समीप हड़ताल जारी रहा

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**



कुंडहित (जामताड़ा):मंगलवार को झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सक कर्मी संघ की कुंडहित इकाई द्वारा 23 वे दिन भी को अपनी मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गेट के समीप हड़ताल पर रहे । इस दौरान कर्मियों द्वारा हमारी मांगे पूरी करो, झारखंड सरकार होश में आओ, एनएचएम कर्मी को स्थायीकरण करो आदि गगनभेदी नारे लगाए गए हैं।हड़ताली चिकित्सा कर्मियो अरूप कुमार, बेरोनिका टुडू, शीला कुमारी ने बताया कि स्थायीकरण की मांग के समर्थन में संघ के आह्वान पर गत 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास घेराव किया गया था। वही 17 जनवरी से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है । कहा की आज धरना प्रदर्शन का23 वे दिन है लेकिन अभी तक हम लोगों की मांगों पर सरकार के द्वारा अभी तक कोई सुनवाई नहीं किया गया। कहा की हम लोग के द्वारा कोविड-19 महामारी में अपनी जान की परवाह न करते हुए भी सेवा देने का कार्य किया गया है। हमारे हड़ताल चले जाने स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। हड़ताली कर्मी ने कहा कि हमारी स्थायीकरण मांगे को पूरा करे सरकार। मौके पर अनुबंध पारा चिकित्सक कर्मी उपस्थित थे।

## पंचायत स्तर पर संचालित पुस्तकालय देश विदेश में बनी चर्चा का विषय, छात्रों को जोड़कर लाभ लेने के लिए करे प्रेरित- बीडीओ अजफर हसनैन

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार करमाटांड़ (जामताड़ा)**

प्रखंड क्षेत्र में संचालित सामुदायिक पुस्तकालय को बेहतरीन ढंग से उपयोग, समेत नए युवा सदस्यों को जोड़ने आदि विषयों को लेकर करमाटांड प्रखंड सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजफर हसनैन की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पुस्तकालय के अध्यक्ष, सचिव, लाइब्रेरियन एवं नोडल टीचर समेत अन्य सदस्यों से विचार विमर्श करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि हमारे जिले में सभी प्रखंड के सभी पंचायतों मे संचालित पुस्तकालय का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुकी है। वही करमाटांड़ के चारघारा पुस्तकालय में अध्ययनरत एवं तैयारी किए हुए प्रतिभागी आज केंद्रीय एवं राज्य स्तर की नौकरियां भी प्राप्त कर चुके हैं। जो नेशनल एवं इंटरनेशनल मीडिया में भी प्रकाशित हुआ है। जो हमारे प्रखंड के लिए गर्व की बात है। साथ ही बताया कि प्रखंड को सुसज्जित एवं पुस्तकालय का सही उपयोग हो इसके लिए प्रत्येक सप्ताह वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करें। पुस्तकालय के वैसे सदस्य जो सक्रिय नहीं है। वैसे सदस्यों को हटाकर नए सदस्यों को जोड़ने की बात कही गई। पुस्तकालय से गरीब असहाय बच्चों के साथ-साथ युवा वर्ग को जोड़ें। पुस्तकालय का निर्माण जिस उद्देश्य के लिए किया गया है। उसका सही उपयोग हो इस पर सभी समिति के सदस्यों को ध्यान रखना अति आवश्यक है। समय-समय पर पुस्तकालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ताकि गांव के युवाओं एवं बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारा जा सके। कंप्यूटर जैसी शिक्षा पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। पंचायत में बने हुए पुस्तकालय के इर्द-गिर्द सुशिक्षित शिक्षक एवं सरकारी नौकरी पर मुकाम प्राप्त करने वाले लोगों को भी इससे जोड़कर शिक्षा को बेहतर बनाने का बात कही। पुस्तकालय में कक्षा पांचवी के छात्रों को नेतरहाट, कस्तूरबा, नवोदय वाली जैसी विद्यालयों में पठन-पाठन के लिए बेहतर प्लेटफार्म तैयार किया जाए। इसके लिए अधिक से अधिक विभिन्न स्कूलों के पांचवी कक्षा के बच्चों को पुस्तकालय से जोड़कर उसे बेहतर ढंग से तैयारी करवाया जाएगा। कुछ ग्रामीण इलाके के बच्चे इंटर एवं मैट्रिक की परीक्षा देने के बाद अच्छी प्लेटफार्म की तलाश में भटकते रहते हैं। ऐसे युवाओं को भी पुस्तकालय से जोड़ कर एक नई मुहिम के तहत उसे नई प्लेटफार्म भी देने का काम पुस्तकालय के द्वारा किया जाए ।इसके लिए सभी सदस्य वर्तमान में विभिन्न पदों पर सफलता हासिल कर मुकाम हासिल की है उनसे फेस टू फेस वार्ता कराया जाए। पुस्तकालय के माध्यम हर वंचित बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए एक बड़ी पहल है। इसे और बेहतर करने के लिए समय-समय पर बैठक एवं विचार-विमर्श भी किया जाए। कोरोना वायरस की महामारी को लेकर 2 वर्ष में शिक्षा का स्तर काफी नीचे आ गया है। इसे बेहतर करने के लिए पुस्तकालय अच्छा साधन हैं। इनका लाभ लोगों तक मिले। इसके लिए सभी लोग मिलकर कार्य करें।इस मौके पर जिला स्तरीय पुस्तकालय समिति के संतोष मंडल, नोडल शिक्षक अमरनाथ दास, राजन , मो० मोतीन आलम, गुलाम अरसद, कारमेल सोरेन, मोहन कुमार पंडित, बेन्जामिन दुक, प्रकाश चन्द्र सिंह, नारयण मंडल, संतोष कुमार अधिकारी, सोमनाथ कुठ सिंह, चांद आलम, रिजवान अंसारी , विभिन्न पंचायत में संचालित पुस्तकालय अध्यक्ष एवं लाइब्रेरियन एंव सदस्य उपस्थित थे।

## मुख्य सड़क पर स्थित दुकान का एलबेस्टर काटकर बैटरी व इंभाईटर की हुई चोरी



**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार की रिपोर्ट करमाटांड़ (जामताड़ा)**

करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत करो रोड पेट्रोल पंप के समीप इन्वर्टर बैटरी दुकान में रात्रि के समय छत का अल्बेस्टर काटकर चोरों द्वारा गला में रखा 20 से 25 हजार रुपया, चार मोटरसाइकिल का बैटरी और एक ऑटो में लगने वाला बैटरी एवं एक इनवाइटर की चोरी किया गया। दुकानदार के द्वारा जब सुबह दुकान खोला गया तो छत पर लगे अल्बेस्टर कटा हुआ दिखाई पड़ा। इसके बाद गला में रखा 20 से 25 हजार राशि नगद भी नदारद था। और छोटा बाइक में लगने वाला 4 बैटरी और एक ऑटो में लगने वाला बैटरी की भी चोरी हुई। इस घटना को देखते ही दुकानदार नारायण मंडल, मंझलाडीह निवासी ने स्थानीय करमाटांड़ थाना में जानकारी देते हुए लिखित आवेदन दिया। आवेदन के आलोक में स्थानीय थाना प्रभारी नागेश्वर साव द्वारा जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## सितामुड़ी गौर धाम आश्रम में श्री श्री निताई गौर विग्रह महाभिषेक प्रतिष्ठा अनुष्ठान में वैष्णवों का हुआ जमावड़ा

**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी**



नाला (जामताड़ा)-- नाला प्रखंड क्षेत्र के सितामुड़ी गौर धाम आश्रम में श्री श्री निताई गौर विग्रह प्रतिष्ठा अनुष्ठान में दूरदराज से काफी संख्या में वैष्णव संप्रदाय के लोग उपस्थित थे।मालूम हो कि परमपूज्य गुरूदेव श्री श्री 108 श्रीमद स्वरूप दामोदर दास बाबाजी महाराज के सानिध्य व देखरेख में समस्त वैष्णव सम्प्रदाय के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान के सभी वैदिक कर्मकांड सम्पन्न किए गए। इस दौरान निताई गौर विग्रह महाभिषेक कार्यक्रम अनुष्ठित की गई। इस अवसर पर दूर दराज के सैंकड़ो भक्त जन पूजा में शामिल हुए। इस दौरान मच्छप का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किए। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान में परमपुज्य गुरूदेव श्री श्री 108 श्रीमद स्वरूप दामोदर दास बाबाजी महाराज के अलावे बिमल प्रमाणिक, स्वपन भट्टाचार्य, शंकर बाबाजी महाराज, झरना देवी,संजीव चक्रवर्ती, महेश्वर तिवारी, दिवाकर सरकार,मनोरंजन पंडित, संचालन समिति के सचिव कृष्णकांत सिंह,संयुक्त सचिव ठाकुर मनी सिंह, कोषाध्यक्ष दिवाकर सरकार, जनार्दन महतो,आकाश यादव,बलराम राय, राधाविनोद मंडल, दीनबंधु यादव सहित दत्त परिवार एवं वैष्णव सम्प्रदाय की सक्रिय भूमिका रही।इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

## 3 सूत्रीय मांग को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी को भाजपा ने सौंपा ज्ञापन

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**




पाकुड़/ प्रखंड के अंतर्गत उदयनारायणपुर पंचायत के रहमतपुर बगान के निकट अवस्थित सद्भावना और आस्था का केंद्र कालिदाहा तालाब के समीप यात्री शेड, सिढी-सह-घाट, स्नानागार, वस्त्र स्नानागार, वस्त्र बदलने का कमरा निर्माण के संबंध में एक ज्ञापन पाकुड़ के उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद पाकुड़ शाहिद अख्तर को भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय के नेतृत्व में तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिकेत गोस्वामी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सादेकुल आलम, गुलाम अम्बिका, जियाउल शेख आदि मौजूद थे ।विकास आयुक्त को सम्बोधित अपने पत्र में श्री राय ने कहा है कि उदयनारायणपुर पंचायत के अंतर्गत ताल कालिदाहा तालाब एक देवीक तालाब है। जिसमें दूर दूर से आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुजन आते हैं। मान्यता है कि इस तालाब में स्नान-ध्यान करने के उपरांत उनके सारी कष्टों का निवारण होता है तथा आसपास के पंचायतों के सनातनी संस्कृति के लोग अपने सारे कार्य का श्राद्ध कर्म, पूजा पाठ,मूर्ति विसर्जन आदि विभिन्न धार्मिक कार्यों के लिए लोग तालाब का उपयोग करते हैं। यहां यह जानकारी देना भी आवश्यक है तालाब में स्नान-ध्यान करने से घाव-घोष, चर्मरोग इत्यादि भी दूर होते हैं। इसके कारण इस तालाब में श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं एवं बच्चों का आगमन होता रहता है एवं वर्षा,गर्मी के दिनों में आगंतुक श्रद्धालुओं का स्थान-ध्यान करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः उक्त स्थल पर सिढी-सह-घाट का निर्माण, यात्री सेड का निर्माण और स्नानागार एवं वस्त्र बदलने का कमर निर्माण की मांग भाजपा के द्वारा किया गया है।

## विभागीय लापरवाही की चपेट में आया मासूम, टूटकर गिरा जर्जर 11 हजार का तार, मासूम बुरी तरह झुलसा



हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसुम्भा में बिजली विभाग की लापरवाही की चपेट में आने से एक मासूम बुरी तरह झुलस गया। गांव में ही 11,000 का जर्जर तार टूटकर गिरने से यहां खेल रहे एक मासूम बच्चे इसके करंट के चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में ग्रामीणों और परिजनों ने घायल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया। जहां पहले से मौजूद हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने घायल बच्चे को देखते ही तुरंत सर्जरी और ऑर्थोपेडिक सर्जन को बुलाकर दिखवाया और चिकित्सीय इलाज शुरू कराया। घायल मासूम का यहां बिना किसी देर के ड्रेसिंग किया गया और जरूरी मेडिसिन दी गई। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने 1 मिनट में ही 108 एंबुलेंस बुलवाकर ड्रेसिंग होने के बाद मरीज को चिकित्सक के दिशा निर्देश पर बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजवाया। इस दौरान घायल मासूम के परिजनों के क्रंदन और चीत्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। मासूम बच्चा बिजली करंट से बुरी तरह झुलस गया है और इसके पैर, हाथ और शरीर के कई अभिन्न अंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मासूम बच्चा जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है। इधर रिम्स साथ में गए मासूम बच्चे के परिजन ने बताया कि रिम्स के चिकित्सकों ने भी रिस्क लेने से इंकार कर दिया है और शरीर के कई अंग को काटकर हटाने की सलाह दी है । घायल मासूम बच्चा कुसुम्भा निवासी स्व.रंजित शर्मा का पुत्र करीब 12 वर्षीय प्रियांशु है। हाय रे किस्मत, यह बेहद बुरी घटना एक ऐसे मासूम बच्चे के साथ घटी जिसके पिता भी इस दुनिया में नहीं है और वो एकलौता पुत्र था। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि घायल मासूम को देख अंतर्मन कलप उठा, शरीर के हर एक रोंगटे खड़े हो गए और अंतःकरण रोने को मजबूर हो गया लेकिन घायल बच्चे और उसके अत्यंत दुखी परिजनों को हिम्मत देने के लिए खुद के आंखों को भिगोया बगैर बच्चे के मरहम पट्टी, जरूरी चिकित्सीय इलाज और रिम्स भेजवाने तक कठोर बनकर कार्य करना पड़ा। मासूम घर का एकलौता चिराग और मां का एकलौता सहारा है। रंजन चौधरी ने ईश्वर से मासूम की जान बक्श देने की प्रार्थना भी की । विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अभी बताया कि इस घटना की जानकारी सदर विधायक मनीष जायसवाल को भी दी है और रिम्स में इलाज में विधायक मनीष जायसवाल हरसंभव सहयोग भी कर रहें हैं ।

## नेताजी स्टेडियम में देश माझी परगना बाईसी की हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी**

नाला (जामताड़ा)-- नाला नेताजी स्टेडियम में नाला प्रखंड इकाई देश माझी परगना बाईसी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रभारी राजीव हेम्ब्रम ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर संताल परगना सरना धोरोम गुरू लश्कर सोरेन मौजूद हुए एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर नाला पंचायत के मुखिया अजीत मुर्मू, नायकी मोती मुर्मू, समाज सुधारक जयधन हांसदा, अंचल प्रधान दुखू टुडू आदि मौजूद हुए।मालूम हो कि मंच का संचालन बानेश्वर टुडू ने किया। इस दौरान बैठक में नाला प्रखंड के 23 पंचायत के विभिन्न गांव से आये हुए संताल समाज के आदिकाल से संचालित परंपरागत रूढिवादी स्वशासन व्यवस्था के प्रथम स्तर (ग्राम स्तर) के पदाधिकारी मांझी, पारानीक, जोग माझी,जोग पारानीक, भद्दो,लासेर साल, नायकी,कुड़ाम नायकी,गोड़ेत, परगना आदि मौजूद हुए। इस अवसर पर संताल परगना क्षेत्र के विभिन्न जिले में अतिशीघ्र डाकबांग्ला के अधिकारी परम्परागत व्यवस्था के परगानैत के बहाली करने एवं सम्मान राशि एक हजार से बढोत्तरी कर 15000 वेतन की मांग को लेकर चर्चा की गई। साथ ही ग्राम सभा को मजबूती देने एवं समाज में शिक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने, नशा पर अंकुश लगाने पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावे संताल समाज के पुज्य स्थल जाहेर थान, माझी थान, माझी भवन,गौड़ थान, आबगी थान, पाकदोन टाण्डी आदि के निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण पर चर्चा की गई। मौके पर माझी लाल मुर्मू,बाबुधन मरांडी,शिबु सोरेन, नीवन मुर्मू, विनय मुर्मू, मंगल हेम्ब्रम, देवकुमार टुडू, शिशु हेम्ब्रम, जितेन मरांडी, सुखदेव मुर्मू, चन्द मुर्मू, विद्यासागर हेम्ब्रम, सुनीतन हेम्ब्रम, समीर बास्की, सुनील मरांडी,जीवन मुर्मू, देविश्वर टुडू, सोनालाल पाउरिया, लालजी मुर्मू सहित अन्य पदधारक मौजूद थे।

## सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाईल में मंगलवार को लगदी टीम ने 8 ओवर में 3 विकेट खोकर विजय प्राप्त किया



**जयनगर /मधुबनी-** जयनगर प्रखंड के राजपुताना मुहल्ला मैदान में जेसीसी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में सात दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट के फाईल में मंगलवार को लगदी टीम ने 8 ओवर में 3 विकेट खोकर विजय प्राप्त किया। लगदी बनाम हरिणे के बीच टॉस मुकाबले में हरिणे टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवर में 110 रन बना कर आउल आउट हो गया। जबाब में लगदी टीम ने 8 ओवर में 3 विकेट खोकर जीत हासिल की। विजेता एवं उप विजेता टीम को राजद वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार यादव, पूर्व मुखिया इदरीस मंसूरी, वीरेंद्र यादव, प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव, चंदन चौधरी, अमित यादव एवं अब्दुल खालीक ने विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच का खिताब लगदी टीम के रवि कुमार को दिया गया। जिस ने 18 गेंद में 65 रन बनाया एवं गेंदबाजी में 3 विकेट लिया। मैन ऑफ द सिरीज व बेस्ट बॉलर का खिताब लगदी टीम कप्तान जय सिंह को एवं बेस्ट बल्लेबाज का खिताब लगदी के राजीव झा को दिया गया। मैच में शानदार पारी में कप्तान लगदी टीम के जय सिंह एवं हरिणे टीम कप्तान मो महबूब ने बेहतर भुमिका निभाई है।

## जयनगर भाकपा- माले का 11वाँ राष्ट्रीय महाधिवेशन 15-20 फरवरी 2023 पटना के अवसर पर आयोजित किया गया



**जयनगर /मधुबनी –** जयनगर भाकपा- माले का 11वाँ राष्ट्रीय महाधिवेशन 15-20 फरवरी 2023 पटना के अवसर पर आयोजित लोकतंत्र बचाओ - देश बचाओ रैली गाँधी मैदान पटना 15 फरवरी 2023 को सफल बनाने के लिए जयनगर प्रखंड के जयनगर बस्ती पंचायत राजपूताना टोला में तस्लीम के अध्यक्षता में जन कन्वेंशन आयोजित किया गया । जिसमे बड़ी संख्या लोगों ने भाग लिए। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि लोकतंत्र बचाओ - देश बचाओ रैली गाँधी मैदान पटना को सफल बनाने के लिए जयनगर मे ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में संपर्क अभियान, बैठक बैनर - पोस्ट दीवार लेखन तथा पार्टी के द्वारा रैली गीत के साथ ध्वनि विस्तार यन्त्र के साथ प्रचार गाड़ी के माध्यम से प्रचार प्रसार और रैली तथा महाधिवेशन के लिए कोष संग्रह अभियान कई टीम के द्वारा चलाया जा रहा है, और सैकड़ों संख्या में 14 फरवरी को ही जयनगर से लोग पटना रैली के लिए प्रस्थान करेंगे। कन्वेंशन मे प्रखंड सचिव भूषण सिंह तस्लीम चालितर पासवान विजय राय तेजीलाल कामत मनोज कुमार चन्दन राय प्यारी देवी यूनुस सुजीत पासवान जहांना खातून मंजू देवी राधा देवी जमुना देवी पतसिया देवी रघुनन्दन पासवान सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

## ओम कुमार मेहता का यूपीएससी में चयन होना हजारीबाग के लिए गर्व की बात है-डॉ आरसी मेहता



हजारीबाग- डुमरावन इचाक हजारीबाग निवासी ओम कुमार मेहता पिता श्री कामेश्वर मेहता का चयन यूपीएससी (GSE) परीक्षा के तहत खान मंत्रालय में राजपत्रित अधिकारी ग्रुप ए में चयन हुआ है। श्री कामेश्वर मेहता एक साधारण किसान है श्री ओम कुमार मेहता का अध्ययन डुमरा गांव के सरकारी स्कूल में सातवां तक हुई। सिझुवा हाई स्कूल से मैट्रिक तक पढ़ाई किए तदोपरांत संत कोलंबस कॉलेज से ग्रेजुएशन की पढ़ाई किए। कहीं कोई कोचिंग करने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ स्वाध्याय एवं घर से पढ़कर यूपीएससी की परीक्षा पास करना विलक्षण प्रतिभा का प्रतीक है। होनहार बिरवान के होत चिकने पात के कहावत को पूरा करते हुए इन्होंने सिसवा हाई स्कूल के साथ-साथ हजारीबाग जिले का नाम रोशन किया है यह साधारण परिवार के छात्रों के मनोबल को ऊंचा करने वाला उदाहरण है श्री ओम जी को झारखंड कुशवाहा महासभा के तरफ से हार्दिक बधाई।